

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 03 अप्रैल 2026 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष -42 ■ अंक-005 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 4 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## राजस्व, संरक्षा, तकनीकी नवाचार एवं यात्री सुविधाओं में रायपुर मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायपुर,3 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संपूर्ण भारतीय रेलवे के साथ ही साथ रायपुर मंडल में आधारभूत संरचना, माल लदान, यात्री परिवहन एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान नई लाइनों का निर्माण, चौथी लाइन कार्य में प्रगति, अमृत भारत स्टेशनों के कार्य में प्रगति । यात्री सुविधाओं के विकास का बेहतर क्रियान्वयन तथा प्रमुख स्टेशनों में नई-नई यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई। माल लदान के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी भी उपस्थित रहे । उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में



रायपुर मंडल ने राजस्व, संरक्षा, तकनीकी नवाचार एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेल में एक आदर्श मंडल के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। वित्तीय वर्ष 2025 -26 में 03.87 प्रतिशत (लगभग 04 प्रतिशत) की वृद्धि हासिल की है और 46.44 मिलियन टन लदान कर 4983 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया हैं । वित्तीय वर्ष 2025-26 में रायपुर मंडल को 46.33 मिलियन टन लदान का लक्ष्य दिया गया था। रायपुर मंडल नए अवसर बनाने में सफल रहा है साथ ही रायपुर मंडल भारतीय रेल के प्रमुख शीर्ष मंडलों में 09 वें स्थान पर रहा हैं। यात्री यातायात एवं राजस्वः- 26.6 मिलियन यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुचाया यात्री यातायात से 631.35करोड़ राजस्व प्राप्त किया, वाणिज्य विभाग ने यात्री यातायात में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यात्रियों की 7.30% वृद्धि दर्ज की है । इसी प्रकार, यात्री राजस्व में पिछले वर्ष की तुलना में 3.85% की वृद्धि हुई है।

## सड़क, पुल-पुलिया बनाने 9,129 करोड़ की मिली ऐतिहासिक मंजूरी : अरुण साव

**रायपुर,3 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान नक्सलवाद की समाप्ति पर कांग्रेस द्वारा राजनीति किए जाने पर करारा जवाब दिया। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष में जारी विकास कार्यों की राशि पर चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष में 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ 18 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। यह राशि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के बाद किसी एक वर्ष में दी गई अब तक की सबसे बड़ी स्वीकृति है, जो पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। इन कार्यों में पूरे राज्य में सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण को शामिल किया गया है।

**सड़कों और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान**-श्री साव ने कहा कि राज्य के विकास के लिए सड़क और आवागमन व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। दूर-दराज और पहुंचविहीन गांवों तक सड़क पहुंचाने की योजना बनाई गई है। कार्यों की



गुणवत्ता और गति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की टीम बनाई गई है। साथ ही ठेकेदारों को भी बेहतर काम के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि सभी परियोजनाएं तेजी से पूरी हो सकें।

**नक्सलवाद पर राजनीति उचित नहीं**-उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नक्सलवाद के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार के समय इस समस्या के समाधान के लिए ठोस प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने नक्सलवाद के खात्मे के लिए पुनर्वास नीति, सुरक्षा व्यवस्था और विकास कार्यों पर एक साथ काम किया है। इससे लोगों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है और नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सफलता मिली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस गंभीर विषय पर राजनीति करना उचित नहीं है। श्री साव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि, कांग्रेस देश और छत्तीसगढ़ से नक्सल मुक्त करना नहीं चाहते थे, जब उनकी सरकार थी तो सुरक्षा बलों का हाथ बांध दिया था। इसलिए नक्सली कहते थे कि हमारी सरकार बन गई है। नक्सलियों ने कांग्रेस की सरकार बनने पर खुशियां मनाई थी। इन लोगों को विश्वास नहीं हो रहा राज्य से आखिर कैसे नक्सलवाद समाप्त हो गई।

### मकान मालिक ने किरायेदार पर किया हमला

**रायगढ़,3अप्रैल।** कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत लाईनपारा वार्ड क्रमांक 15 किरोडीमल नगर में किरायेदार और मकान मालिक के बीच विवाद का मामला सामने आया है। प्रार्थी विजय सारथी की शिकायत पर आरोपी करन धीवर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296 और 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, 1 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7 बजे आरोपी ने अपनी बहनों के साथ गाली-गलौज की, जिससे वे रोते हुए घर पहुंचीं। इस पर प्रार्थी जब आरोपी से बात करने गया तो आरोपी भड़क गया और गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसने अपने हाथ का कड़ा निकालकर प्रार्थी के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसे चोट आई और खून निकलने लगा।

### कांग्रेस नेताओं के बीच मारपीट कुर्सियां फेंकीं, कपड़े फाड़े

**महासमुंद,3 अप्रैल।** महासमुंद में कांग्रेस नेताओं के बीच आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस की सही जानकारी नहीं देने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस दौरान नेताओं ने एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकी, कांच के गिलास तोड़ दिए और धक्का-मुक्की में कपड़े भी फट गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है, जहां 2 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे महंगाई को लेकर जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद विवाद शुरू हुआ। जिला उपाध्यक्ष विजय साव ने आरोप लगाया कि पदाधिकारियों को प्रेस वार्ता की जानकारी ठीक से नहीं दी गई थी। इसी बात पर विजय साव, ढेलू निषाद और निर्मल जैन के बीच पहले बहस और फिर नोकझोंक के बाद हाथापाई हो गई। स्थिति बिगड़ने पर जिलाध्यक्ष को पुलिस बुलानी पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए मामला शांत कराया और विजय साव को बाहर निकाला। इस पूरे घटनाक्रम के बाद विजय साव के खिलाफ FIR दर्ज की गई है।

### शीतला मंदिर को लेकर बैठक में विवाद, बीच-बचाव करने आए युवक की चाकू मारकर हत्या

**बालोद,3 अप्रैल।** जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बटेरा के आश्रित ग्राम जोगीभाठ में शीतला मंदिर को लेकर चल रही बैठक के दौरान बड़ा विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बीच-बचाव करने आए युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान उप सरपंच डोमेन्द्र देशमुख के भतीजे कुणाल देशमुख के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बीती रात गांव में शीतला मंदिर से जुड़े मुद्दे पर बैठक आयोजित की गई थी। इसी दौरान ग्रामीणों और उप सरपंच के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। बताया जा रहा है कि विवाद के बीच स्थिति को शांत कराने पहुंचे कुणाल देशमुख पर गांव के ही सोहनलाल साहू ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल कुणाल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सोहनलाल साहू सहित 5 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## पाकिस्तान में पेट्रोल 458 और डीजल 520 रुपये लीटर के पार

**करांची,3 अप्रैल।** पश्चिम एशिया में इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे भयंकर युद्ध का सीधा और विनाशकारी असर अब पड़ोसी देश पाकिस्तान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था पर साफ़ दिखने लगा है। ताज़ा पाकिस्तान फ़्यूल क्राइसिस अपडेट के अनुसार, वैश्विक बाज़ार में कच्चे तेल की क़ीमतों में भारी उछाल के बाद पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व वृद्धि कर दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक़, इस सख़्त और बड़े फ़ैसले के बाद पाकिस्तान की सड़कों पर हाहाकार मच गया है, क्योंकि वहां पेट्रोल-डीज़ल की क़ीमतें आम जनता की पहुंच से बिल्कुल बाहर हो गई हैं। नई दरों के लागू होने के बाद पाकिस्तान में ईंधन की क़ीमतें एक भयानक सपने जैसी हो गई हैं। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, पेट्रोल में 137.23 रुपये की भारी बढ़ोतरी की गई है, जिसके बाद पेट्रोल की नई क़ीमत 458.41 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है (क़रीब 43 प्रतिशत का भारी उछाल)। वहीं, हाई-स्पीड डीज़ल की क़ीमत में 184.49 रुपये का रिकॉर्ड उछाल आया है, जिससे यह 520.35 रुपये प्रति लीटर हो गया है (55 प्रतिशत की वृद्धि)। इसके अलावा केरोसिन (मिट्टी तेल) में भी 34.08 रुपये प्रति लीटर का इज़ाफ़ा किया गया है। पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज़ मलिक ने टीवी पर दिए एक बयान में इसे सरकार का एक मजबूरी भरा फ़ैसला बताया है।



ग़ौरतलब है कि प्रधानमंत्री, सैन्य नेतृत्व और प्रांतीय मुख्यमंत्रियों के साथ लंबी चर्चा के बाद देश में आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए यह सख़्त क़दम उठाया गया है। इसके तहत सरकार ने पेट्रोल पर लेवी बढ़ाकर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी है, जबकि डीज़ल पर इसे शून्य रखा गया है। ईंधन की आसमान छूती क़ीमतों के साथ-साथ पाकिस्तान इन दिनों गहरे ऊर्जा संकट से भी जूझ रहा है।

## छत्तीसगढ़ कोयला लेवी स्कैम : आरोपी देवेंद्र डडसेना को नहीं मिली जमानत

**बिलासपुर,3 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला लेवी और आर्थिक अपराध से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी देवेंद्र डडसेना की जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बैंच ने कहा कि आर्थिक अपराध गंभीर श्रेणी में आते हैं और ऐसे मामलों में जमानत देने में विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। मामला एंटी करप्शन ब्यूरो/इकोनॉमिक ऑफेंस विंग द्वारा दर्ज अपराध से जुड़ा है। इसमें आईपीसी की धारा 384, 420, 120-बी, 467, 468, 471 तथा प्रिवेन्शन ऑफ करप्शन एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के आधार पर सामने आया कि छत्तीसगढ़ में कोयला परिवहन पर अवैध वसूली का बड़ा नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। इस नेटवर्क के तहत प्रति टन 25 रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। जांच एजेंसियों के अनुसार, जुलाई 2020 से जून 2022 के बीच इस सिंडिकेट ने करीब 540 करोड़ रुपये की अवैध वसूली की। इस पूरे मामले में कई नौकरशाह, कारोबारी और अन्य लोग शामिल बताए गए हैं। कोर्ट में पेश दस्तावेजों और केस डायरी के अनुसार, देवेंद्र डडसेना कथित तौर पर इस सिंडिकेट में अहम कड़ी था। उस पर अवैध वसूली की रकम लेने और बांटने का आरोप है। जब्त डायरी और गवाहों के बयान में लगभग 52 करोड़ रुपये के लेनदेन का उल्लेख मिला। जांच में यह भी सामने आया कि यह राशि राजनीतिक और अन्य खर्चों में उपयोग की गई। आरोपी की ओर से कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है।

**हाईकोर्ट ने कहा – आर्थिक अपराध बेहद गंभीर**

कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं है, केवल सह-आरोपी के बयान हैं। वहीं, राज्य सरकार ने दलील दी कि मामला गंभीर आर्थिक अपराध का है, आरोपी की भूमिका महत्वपूर्ण और सक्रिय रही है। साक्ष्य से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका है, जांच अभी जारी है, इसलिए जमानत देना उचित नहीं है। मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि आर्थिक अपराध अलग श्रेणी के होते हैं और समाज व अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डालते हैं। आरोपी की भूमिका गंभीर और साक्ष्यों से समर्थित दिखती है।

## ईरान युद्ध में अमेरिका ने उतारा अपना सबसे खतरनाक हथियार

वाशिंगटन,3 अप्रैल। अमेरिका-ईरान युद्ध अब और भी खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। यूएस अब ईरान के इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला कर रहा है। ईरान भी इजराइल, कतर, यूएई



और बहरीन में ताबड़तोड़ जवाबी हमला कर रहा है। ग्राउंड ऑपरेशन की संभवनाओं के बीच अमेरिका ने ईरान में अपना सबसे खतरनाक हथियार उतार दिया है। अमेरिका को ईरान को कर अंधा करने वाला 'EA-37B कम्पास कॉल लड़ाकू विमान' उतार दिया है। इसे रडार और GPS का काल कहा जाता है। बता दें कि अमेरिका-ईरान युद्ध के 35वें दिन यानी आज डोनाल्ड ट्रंप ने साफ किया है कि अब ईरान युद्ध पूरा होने के करीब है। उन्होंने सैन्य कार्रवाई तेज करने की चेतावनी देते हुए घोषणा की कि ईरान युद्ध पूरा होने के करीब है। इसी बीच अमेरिकी एयर फोर्स ने महीनेभर की जंग के बाद अब EA-37B कम्पास कॉल विमान जंग में उतारा है।

EA-37B कम्पास कॉल एक नया इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विमान है, जिसे ब्रिटिश एयरबेस पर देखा गया है। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा से पता चला है कि दो EA-37B विमान 30 मार्च को एरिजोना के डेविस-मोंथन एयर फोर्स बेस से रवाना हुए और बाद में ब्रिटेन में उतरे। ऑनलाइन शेयर की गई तस्वीरों ने Mildenhall में इन विमानों की मौजूदगी की पुष्टि की है। EA-37B कम्पास कॉल अमेरिकी एयरफोर्स का ऐसा हाईटेक इलेक्ट्रॉनिक हमलावर जेट है, जिसे दुश्मन के संचार, रडार, जीपीएस और नेविगेशन सिस्टम को जाम करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### 'खामोश करवाया गया हूं, हारा नहीं': राघव चड्ढा

**नई दिल्ली,3 अप्रैल।** अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी में एक बार फिर अंदरूनी कलह उभरती नजर आ रही है। पार्टी ने राज्यसभा में अपने सांसद राघव चड्ढा को उपनेता पद से हटाने का अनुरोध किया है, जिसके बाद सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है। उपनेता पद से हटाए जाने के बाद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए इशारों–इशारों में पार्टी नेतृत्व पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, "मुझे खामोश करवाया गया है, लेकिन मैं हारा नहीं हूं। यह मेरा 'आम आदमी' के लिए संदेश है।" चड्ढा के इस बयान के बाद पार्टी के भीतर मतभेद और बढ़ने की चर्चा तेज हो गई है। आप नेता राघव चड्ढा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो जारी कर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "खामोश करवाया गया हूं, हारा नहीं हूंह्ह 'आम आदमी' को मेरा संदेश है।" वीडियो में चड्ढा ने कहा कि संसद में उन्होंने हमेशा ऐसे मुद्दे उठाए, जिन्हें आमतौर पर नजरअंदाज किया जाता है।

**भूपेश बघेल के आरोप पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव का पलटवार**

## कांग्रेस सरकार में बांध दिए गए थे पुलिस के हाथ

**रायपुर,3 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भूपेश बघेल कभी नहीं चाहते थे कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म हो. इन्हें प्रदेश के विकास और खुशहाली से कोई लेना-देना नहीं है. जब समय आएगा तो सुरक्षा जवान भी लौटाए जाएंगे. यह बात उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बार-बार नक्सलवाद खत्म होने के बाद बस्तर से सुरक्षाबल के लौटने को लेकर उठाए जा रहे सवाल पर कही.उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में भूपेश बघेल के सवाल को लेकर कहा कि अपनी सरकार में पुलिस और जवानों के हाथ बांध दिए थे. जब इनकी सरकार बनी तो नक्सलियों ने खुशी मनाई थी. आज भी इनकी मंशा बार-बार स्पष्ट हो रही है.

वहीं 16,000 नक्सल प्रभावितों के पुनर्वास को लेकर कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ हमने हर तैयारी से अभियान शुरू किया था. जब नक्सली सरेंडर करेंगे तो उनकों अच्छा पुनर्वास मिले. दूसरी ओर आम लोगों को सरकारी सुविधाएं पहुंचाई जाए. इस तैयारी का बड़ा प्रतिफल हमें मिला है. इतने कम समय में नक्सलवाद समाप्त हुआ है. पश्चिम बंगाल में SIR की प्रक्रिया से जुड़े न्यायिक अधिकारी को बंधक बनाए जाने और उस पर आई सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी पर अरुण साव ने कहा कि हम बार-बार कहते रहे कि पश्चिम बंगाल में कानून का राज नहीं है. पश्चिम बंगाल संविधान से नहीं चल रहा है. ममता बनर्जी की तानाशाही चल रही है. आज पश्चिम बंगाल की जनता उनसे परेशान है. निश्चित रूप से आने वाले चुनाव में जनता ऐसी सरकार को उखाड़ कर फेंकेगी.वैट में छूट खत्म होने से पेट्रोल के दाम बढ़ने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता मजबूती से सरकार के साथ खड़ी है.

## भीषण हमलों के बीच 40 हिज्बुल्लाह लड़ाके ढेर

यरूशलम,3 अप्रैल। इजराइल ईरान के साथ-साथ लेबनान में हिजबुल्ला को निशाना लगातार बनाया इजराइल बना रहा है। एक हमले का वीडियो इजरायली डिफेंस फोर्स ने जारी किया है जिसमें तीन दर्जन से ज्यादा हिजबुल्ला लड़ाकों को मार गिराया गया। यह थर्मल इमेज इजराइल ने जारी किया है जिसमें कई सारे हिजबुल्ला लड़ाकों को देखा जा सकता है। तभी जोर का धमाका होता है और सब तबाह हो जाता है। आईडीएफ की ओर से दावा किया गया है कि इस एयर स्ट्राइक में 40 हिजबुल्ला लड़ाकों को मार गिराया गया है। इजराइली वायुसेना ने इस हमले में हिजबुल्ला के दर्जनों कमांड सेंटर, हथियारों को डिपो, रॉकेट लांचर और एंटी टैंक मिसाइल लॉन्च पोस्ट नेशनल नाबूद कर दिया है। खबर ईरान से है। जहां सैकड़ों लोगों का पलायन हो रहा है। ट्रेन से ईरान से कई लोग तुर्की पहुंचे। तबरीज कोई शहर से लोग यहां पर पहुंच रहे हैं। हमलों के बाद दरअसल लोग डरे सहमे हुए हैं और लगातार वहां से पलायन कर रहे हैं और यह सिलसिला जारी है। तबरीज और कोई शहर से खासतौर पर लोग पहुंच रहे हैं। हिज़्बुल्लाह ने गुरुवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में इज़राइली बस्तियों, सैनिकों, सैन्य वाहनों और ठिकानों पर 60 हमले किए हैं। लेबनानी समूह ने लगातार जारी बयानों में कहा कि ये अभियान 2 मार्च से इज़राइल द्वारा लेबनान पर किए जा रहे हमले के बीच "लेबनान और उसके लोगों की रक्षा" के लिए किए गए हैं। अनादोलू की गणना के अनुसार, इन नवीनतम हमलों के साथ 2 मार्च से हिज़्बुल्लाह के अभियानों की संख्या बढ़कर 1,250 हो गई है। हिज़्बुल्लाह ने कहा कि उसने उत्तरी इज़राइल में छह बस्तियों को निशाना बनाया, जिनमें किरयात शमोना पर तीन बार और मेटुला पर दो बार हमले शामिल हैं, साथ ही एवेन मेनाकेम, बेत हिलेल, अविविम और नाहारिया पर भी हमले किए गए। समूह ने यह भी दावा किया कि उसने इजरायली सैनिकों और वाहनों के 40 ठिकानों पर हमला किया, जिनमें से 25 दक्षिणी लेबनानी सीमावर्ती क्षेत्रों में और 15 उत्तरी इजरायल के भीतर मलकिया, मेटुला, यिर'ऑन और अविविम की बस्तियों के साथ-साथ कफर गिलादी और मरज सैन्य स्थलों पर थे।

हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने दक्षिणी लेबनानी सीमावर्ती शहर रामीह के ऊपर एक इजरायली हेलीकॉप्टर पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी, जिससे उसे पीछे हटना पड़ा। उसने खियाम और कंतारा के पास दो मरकावा टैंकों और दक्षिणी लेबनान के तहरीर ट्रायंगल क्षेत्र में एक इजरायली डी9 बुलडोजर पर सीधे हमले का दावा किया। हिजबुल्लाह ने यह भी कहा कि उसने उत्तरी इजरायल में सात सैन्य स्थलों पर हमला किया, जिनमें हाइफ़ा के पूर्व में किरयात अता क्षेत्र, शहर के उत्तर में क्रायोट क्षेत्र और कर्मियल बस्ती में बुनियादी ढांचा शामिल है। समूह ने कहा कि लक्ष्यों में खिरबेट माज़ में तोपखाने की चौकियाँ और अमियाद, फिलोन और दादो सैन्य अड्डे भी शामिल थे, जिनमें से दादो सफ़ेद के पास इजरायली सेना के उत्तरी कमान के मुख्यालय के रूप में कार्य करता है। इजरायली मीडिया ने गुरुवार को बताया कि उत्तरी इजरायल और दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के हमलों और सशस्त्र झड़पों में दो सैनिकों सहित छह लोग घायल हो गए।

2 मार्च को हिजबुल्लाह द्वारा सीमा पार हमले के बाद से इजरायल लेबनान पर हवाई हमले कर रहा है और दक्षिण में जमीनी हमला कर रहा है। लेबनानी अधिकारियों ने बताया कि इजरायली हमले में अब तक 1,345 लोग मारे गए हैं और 4,040 घायल हुए हैं। यह तनाव ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बीच आया है, जिसमें 28 फरवरी से अब तक 1,340 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। ईरान ने इजराइल, अमेरिकी ठिकानों और खाड़ी देशों को निशाना बनाकर ड्रोन और मिसाइल हमले करके जवाबी कार्रवाई की है।

## ईरान से तेल लेकर भारत आ रहे जहाज ने अचानक बदला रास्ता

नई दिल्ली,3 अप्रैल। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से मची हलचल के बीच ईरानी तेल लेकर भारत आ रहे जहाज ने रास्ता बदल लिया है। अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे में आने वाला ईरानी कच्चे तेल से भरा यह टैंकर पहले भारत आने वाला था। हालांकि वह अब बीच रास्ते में अपना रुख बदलकर चीन की ओर बढ़ रहा है। अगर यह खेप भारत पहुंचती, तो 2019 के बाद पहली बार भारत द्वारा ईरानी कच्चे तेल की खरीद होती। गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील के बाद भारतीय रिफाइनर मौजूद ईरानी तेल की कुछ खेप खरीदने की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

जहाज ट्रैकिंग कंपनी 'केप्लर' के मुताबिक 'पिंग शुन' नाम का अफ्रामैक्स टैंकर गुजरात के वाडिनार के बजाय अब अपना गंतव्य चीन के दोंगयिंग को बता रहा है। इस टैंकर को 2002 में बनाया गया था जिसे 2025 में अमेरिका ने प्रतिबंधित कर दिया था। हालांकि जहाज के ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) में दर्ज गंतव्य अंतिम हो, यह जरूरी नहीं है और यात्रा के दौरान इसमें बदलाव भी हो सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक रिफाइनिंग और मॉडलिंग विभाग के प्रमुख विश्लेषक सुमित रिटोलिया ने कहा, "पिछले तीन दिन से वाडिनार (भारत) की ओर बढ़ रहा ईरानी कच्चे तेल का जहाज 'पिंग शुन' भारत को गंतव्य सूची से हटाकर अब चीन का संकेत दे रहा है।" रिटोलिया ने कहा कि जहाज के गंतव्य में बदलाव का कारण भुगतान से जुड़ी शर्तें हो सकती हैं। विक्रेता पहले दिए जाने वाले 30-60 दिन के 'क्रेडिट' से हटकर अब तुरंत या कम समय में भुगतान की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 3 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के मारपीट कर धारदार हथियार से हमला करने वाले सात आरोपियों को जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार कटर एवं घटना के समय पहले कपड़ों को जब्त किया गया है आरोपियों के पास से दोपहिया वाहन भी जब्त की गई है जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी खागेंद्र पाठरे ने बताया कि 31 मार्च की शाम को 7 बजे प्रार्थी अभिषेक जायसवाल संत होटल के पास खड़ा हुआ था उसी समय कुछ युवक वहां पहुंचे और धक्का मुक्की करते हुए गाली गलौज करने लगे। विवाद के दौरान आरोपी किशन ढीमर ने प्रार्थी पर धारदार हथियार से छाती एवं गले के पास कई बार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना मिलने ही मौके पर पहुंची जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 109, 3 (5) 191 (2) (3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया था इस मामले में पुलिस ने सात आरोपियों विशाल लड़वाल निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला, राहुल महंत निवासी सुपेला, अभिषेक साहू न्यू कृष्णा नगर सुपेला, हरे राम चौहान बिस्मिल्लाह किराना स्टोर के पास सुपेला, चेतन उके सुपेला, प्रमोद कुमार चौहान न्यू कृष्णा नगर सुपेला, अभिषेक प्रताप गौड़ न्यू कृष्णा नगर सुपेला को गिरफ्तार किया है आरोपियों के पास से धारदार हथियार, घटना के समय पहने कपड़े, स्कूटी सीजी 07 के आर 2783, एक्टिव सी जी 07 बी एल 9472, मोटरसाइकिल स्प्लेंडर सी जी 07-7361 को जब्त किया गया है।

### सट्टापट्टी लिखते युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 3 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी थाने पुलिस ने अवैध सट्टा संचालन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धर्मेन्द्र आडिल को गिरफ्तार किया है आरोपी ग्राम नंदिनी खुदिनी में सार्वजनिक स्थान पर सट्टा लिख रहा था पुलिस ने मौके से 69 हजार 450 रुपए नकद, मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त की आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### निस्तारी पानी की समस्या से निजात दिलाने गंगरेल से पानी छोड़ा जा रहा

**रायपुर,3 अप्रैल ।** दिनोदिन बढ़ते गर्मी के साथ ग्रामों में व्याप्त हो रहे निस्तारी पानी की समस्या व भूगर्भीय जल स्त्रोत के नीचे जाते जाने से पेयजल संकट गहराने की ओर शासन - प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराये जाने के बाद हरकत में आये प्रशासन ने बीते बुधवार को समस्या से निजात दिलाने गंगरेल का पट खोल दिया है लेकिन यह पानी समाचार लिखे जाने तक लखौली नहीं पहुंचा है। जानकारी के अनुसार शुरुआती 5 सौ क्यूसेक के डिस्चार्ज को दो भागों में बांट महानदी मुख्य नहर व मांढर शाखा नहर में प्रवाहित किया जा रहा है जिसके चलते पानी की दौड़ काफी धीमी है । सूत्रों के अनुसार डिस्चार्ज को क्रमशः धीरे - धीरे बढ़ाया जावेगा और इसकी शुरुआत कर दी गयी है । ज्ञातव्य हो कि गर्मी के चलते तालाबों के सूखते जाने की वजह से ग्रामों में जहां निस्तारी संकट उठ खड़ा होना शुरू हो गया है वहीं भूगर्भीय जल स्त्रोत के नीचे जाते जाने की वजह से पेयजल समस्या भी सामने आना शुरू हो चुका है जिसे की तालाबों के भरने से एक सीमा तक रोका जा सकता है । ग्रामीणों की मांग व ज्वलंत समस्या को देखते हुते बीते मंगलवार को जहां बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अधीन आने वाले 10 सिंचाई पंचायतों के पूर्व अध्यक्षों ने जहां विभागीय अधिकारियों से अविलंब गंगरेल से निस्तारी पानी छोड़ने की गुहार लगाई थी वहीं रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व मुख्य सचिव विकासशील सहित क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल को मेल से ज्ञापन भेज गंगरेल से निस्तारी पानी छुड़वाने का आग्रह किया था । इसके पहले अभनपुर क्षेत्र से विधायक रहे पूर्व सिंचाई मंत्री धनेन्द्र साहू ने भी निस्तारी पानी की समस्या को लेकर शासन - प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था । सिंचाई पंचायतों के अध्यक्ष रहे हिरेश चंद्राकर , तुलाराम चन्द्राकार , गोविंद चंद्राकर , चिंताराम वर्मा, प्रहलाद चंद्राकर, मनमोहन गुप्ता, भारतेन्दु ?साहू, धनीराम साहू,थानसिह साहू ने डिस्चार्ज बढ़ाने की मांग के साथ - साथ पानी के व्यर्थ बरबादी को? रोकने पर्याप्त मैदानी अमला की व्यवस्था करने व संबंधित यंत्रियों तथा सिंचाई अनुविभागीय अधिकारियों को सतत् दौरा सुनिश्चित कराने का आग्रह विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों से किया है ।

### हनुमान जयंती पर नीलू महिला स्व सहायता समूह ने किया सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन

**दुर्ग,2 अप्रैल।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नीलू सिंह महिला स्व सहायता समूह द्वारा दुर्गेश्वर महादेव मंदिर, आदित्य नगर दुर्ग में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन एवं महाभंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके पश्चात समूह की महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ किया गया। सुंदरकांड पाठ के दौरान मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूब गया और श्रद्धालु भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के जयकारों के साथ भक्ति में लीन दिखाई दिए।

# सांसद संतोष पांडेय ने दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात, देश के नक्सलमुक्त होने पर दी बधाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 3 अप्रैल।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सौजन्य मुलाकात कर देश के नक्सल मुक्त होने पर बधाई दी। इस दौरान अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई।

सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद) से मुक्त करने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सशक्त रणनीति, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सुरक्षा बलों और जनता के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि आज देश नक्सल मुक्त हो गया। छत्तीसगढ़ सरकार, पुलिस बल और हमारे वीर जवानों का अदम्य साहस, समर्पण और बलिदान इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति थी।

# कवर्धा में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 3 अप्रैल।** पुरानी मंडी में बजरंग बली मंदिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं ने हनुमान भगवान की पूजा की एवं भंडारा में हजारों श्रद्धालु शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया । जय बजरंग धाम सेवा समिति पुरानी मंडी प्रबंधन से भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी , संजय देसाई , बलबीर खनूजा , प्रफुल्ल श्रीवास्तव , सीटू बधवा , विकाश बाठिया , श्रद्धालुओं द्वारा प्रसादी वितरण किया गया । बीजेपी जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी , प्रदेश भाजपा प्रवक्ता जसविंदर बग्गा , पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष राजकुमार तिवारी , बिजनेसमैन घनश्याम गुप्ता , चंद्रशेखर हरितिमा टीम संस्थापक अजय लूनिया, हरितिमा टीम सदस्य सुनील जैन , प्रिया , खुशी , प्राची सहित हजारों श्रद्धालुओं ने नारियल , फल , मिठाई चढ़ाकर पूजा की । आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना रहा । विश्व में सुख , शांति और सुख समृद्धि के लिए क्षेत्र वासियों ने मनोकामना की ओर पूजा । भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ने कहा की बजरंग बली की पूजा की । कबीरधाम जिले में गांव गांव शहर शहर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# हनुमान जयंती पर भंडारे में 30 हजार श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 मार्च ।** हनुमान जयंती के अवसर पर जय हनुमान सेवा वाहिनी द्वारा विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। संस्था के मुख्य संरक्षक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन में यह सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर शहर के प्रमुख सेक्टर-1 चौक, बीएसएनएल चौक, 25 मिलेनियम चौक, सीसी चौक, ग्लोब चौक, सेक्टर-8 चौक एवं सेक्टर-9 चौक–को भगवा रंग से भव्य रूप से सजाया गया। मंदिरों की विशेष सजावट भी आकर्षण का केंद्र रही, जिससे पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धूप से बचाव हेतु सुव्यवस्थित पंडाल की व्यवस्था की गई। विशाल भंडारे में लगभग 30 हजार लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं को पोहा, जलेबी, सूखा चना, छोले, कढ़ी-चावल, राजमा-चावल, खिचड़ी-चटनी, मूंग का हलवा, खीर, मठा एवं शुद्ध पेयजल वितरित किया गया। समिति के सदस्य एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, सुमित सिंह पवार, राकेश श्रीवास्तव, अफरोज खान, आशीष शुक्ला, अभय प्रताप सिंह, शरद मिश्रा, दीपांशु वर्मा, अतुल राय, चंदेश अग्रवाल, शुभम झा, अमरेश गिरी, आकाश यादव, शशिकांत साहू, फराज अहमद, आसिफ खान, संगम यादव, लक्षित चंद्राकर, संजीव यादव, प्रिंस शेरगिल, नमन चौधरी, हर्ष यादव, श्रवण मांझी, अंकुश जायसवाल, अतुल श्रीवास्तव, गौरव साहू, करण वैष्णव, नितिन खटवानी, सुष्मिता साहू, उमाशंकर साहू, विनीत बोनी, अनिमेष त्रिपाठी एवं प्रदीप यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### राजहरा माइंस अस्पताल के 22वें मेगा मेडिकल कैंप में 542 मरीजों का उपचार

**भिलाई, 3 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के अंतर्गत राजहरा माइंस अस्पताल में 22वें मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 542 मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श किया गया। अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा 10 इंट्रा-आर्टिकुलर इंजेक्शन तथा 8 प्लास्टर जैसी आवश्यक चिकित्सा प्रक्रियाएं भी की गईं।



### स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई, 3 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एल.डी.सी.पी. आर.एम.पी.-2 विभाग में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक वी.के. ओगले, महाप्रबंधक एम.के. संध सहित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे ।



### सीएचसी अर्जुन्दा को मिलीं 2 एम्बुलेंस

**भिलाई, 3 अप्रैल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुन्दा में 2 एम्बुलेंसों का उद्घाटन गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ नीतीश शुक्ला, डेंटिस्ट डॉ देवेश साहू, सिस्टर पुष्पलता लोन्हारे, गरिमा साहू, पुष्पा सहित अन्य स्टाफ, एम्बुलेंस 108 के चालक दल एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# रिकॉर्ड उत्पादन और बिक्री के साथ सेल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**भिलाई, 3 अप्रैल।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2025-26 में उत्पादन और बिक्री दोनों में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने 20.14 मिलियन टन की रिकॉर्ड बिक्री हासिल की, जो पिछले वर्ष के 18.07 मिलियन टन की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि सभी उत्पाद श्रेणियों में देखने को मिली, जिससे कंपनी की बाजार में मजबूत पकड़ का संकेत मिलता है। उत्पादन के मोर्चे पर भी सेल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने 19.43 मिलियन टन कच्चा इस्पात (क्रूड स्टील) और 19.176 मिलियन टन विक्रेय इस्पात का उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया है। बेहतर दक्षता और परिचालन उत्कृष्टता के माध्यम से कंपनी ने प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ उत्पादन की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। सेल का निर्यात 162 प्रतिशत बढ़कर 2.9 लाख टन तक पहुंच गया है। कंपनी ने भूटान सहित नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

### गर्मी व लू से बचाव के लिए प्रशासन की एडवाइजरी


**दुर्ग, 3 अप्रैल ।** ग्रीष्म ऋतु वर्ष 2026 को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये गये हैं। जिसमें लू के लक्षण, लू से बचाव के उपाय, प्रारंभिक उपचार और आवश्यक सांवधानियां संबंधी आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को लू के लक्षण, लू से बचाव, लू लगने पर प्रारंभिक उपचार हेतु जनसमुदाय में जागरूकता लाने व प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य केन्द्रों में लू से प्रभावित मरीजों का प्राथमिकता से परीक्षण करने के निर्देश भी दिये गये हैं। साथ ही जिले के संबंधित सभी विभागों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए गए है।

# हनुमान केवल शक्ति ही नहीं, सेवा और समर्पण के आदर्श भी हैं:इंद्रजीत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 अप्रैल।** कोहका स्थित बीरा के अंगना में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में बहुआयामी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुरुआत पूजा-अर्चना एवं अभिषेक से हुई। इसके उपरांत 51 विद्वान पंडितों के सानिध्य में हनुमान चालीसा का सामूहिक सस्वर पाठ किया गया। एक साथ गूंजते मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों ने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। आयोजन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसे केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित न रखते हुए सामाजिक जागरूकता से भी जोड़ा गया। बच्चों के लिए कराटे डेमो क्लास आयोजित की गई, जिसमें उन्हें आत्मरक्षा के मूलभूत गुर सिखाए गए। विशेष रूप से बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू ने क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने युवाओं और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को समाज के लिए शुभ संकेत बताया। इंद्रजीत सिंह छोटू ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान हनुमान केवल शक्ति के प्रतीक ही नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और निस्वार्थ भाव के आदर्श भी हैं। उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर ही सच्ची श्रद्धा व्यक्त की जा सकती है। कार्यक्रम में मलकीत सिंह लल्लू सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन का स्वरूप जन-उत्सव जैसा बन गया। भजन-कीर्तन, जयघोष और भक्तिमय वातावरण ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।



### एसएमएस-3 का रिकॉर्ड उत्पादन, 22 हजार टन पार

**भिलाई, 3 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-3 विभाग ने मार्च 2026 में ईडब्लूएनआर ग्रेड स्टील का 22,000 टन से अधिक उत्पादन कर नया कीर्तिमान बनाया। यह अब तक का सर्वाधिक मासिक उत्पादन है, जिसने अप्रैल 2025 के 6,730 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा ने टीम को बधाई दी।

# के. के. सिंह ने सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला



**भिलाई, 3 अप्रैल।** सेल के निदेशक (कार्मिक) कृष्ण कुमार सिंह ने 02 अप्रैल को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। सिंह प्रचालन (ऑपरेशन्स), मानव संसाधन विकास (एचआरडी ), सतर्कता (विजिलेंस) और कार्मिक एवं प्रशासन (पी एंड ए) जैसे विविध क्षेत्रों में लगभग चार दशकों के गहन अनुभव के साथ सेल की विकास गाथा में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1987 में भिलाई इस्पात संयंत्र में एक प्रबंधन प्रशिक्षु (मैनेजमेंट ट्रेनी) के रूप में की थी, जहाँ उन्होंने मानव संसाधन विकास विभाग में जाने से पहले ब्लूमिंग एंड बिलेट मिल में एक दशक से अधिक समय तक अपना योगदान दिया। उन्होंने कार्मिक और प्रशासन (पर्सनेल एंड एडमिनिस्ट्रेशन) विभाग के कार्यकारी निदेशक (प्रभारी) सहित कई लीडरशिप पदों पर कार्य किया है। उन्हें 2022 में निदेशक (कार्मिक) नियुक्त किया गया, जो उनके गहरे डोमेन ज्ञान और मजबूत नेतृत्व कौशल को दर्शाता है। निदेशक (कार्मिक) के रूप में अपने वर्तमान रोल में, सिंह ने सेल के मानव संसाधन के कायाकल्प का नेतृत्व किया है। उन्होंने कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु प्रोग्रेसिव कार्मिक कल्याण और विकास योजनाओं की शुरुआत की है। उनका नेतृत्व सेल की जन-केंद्रित प्रगति को मजबूत कर रहा है और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में वे संगठन को निरंतर उत्कृष्टता और नवाचार की ओर अग्रसर कर रहे हैं।

### तारामंडल उद्यान में अवैध कब्जे का प्रयास, निगम टीम ने किया निरीक्षण



***भिलाई, 3 अप्रैल।*** नेहरू नगर स्थित योगा उद्यान में असामाजिक तत्वों द्वारा मूर्ति स्थापना कर अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही नगर पालिक निगम भिलाई की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। निगम के जोन-1 आयुक्त, राजस्व विभाग एवं बेदखली टीम ने स्थल निरीक्षण किया। जांच के दह्यौरान पाया गया कि हनुमान जयंती के एक दिन पूर्व रात में अज्ञात तत्वों ने उद्यान की रेलिंग तोड़कर पूर्व निर्मित शेड पर चबूतरा बनाकर मूर्ति स्थापित कर दी। इसके अलावा उद्यान परिसर में स्थित जिम, तारामंडल एवं योग स्थल की रेलिंग को भी क्षतिग्रस्त किया गया है 7 मामले को गंभीरता से लेते हुए निगम प्रशासन ने सुपेला थाना में असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पत्र भेजा है और आगे की कार्वाई शुरू कर दी गई है।

### आयुक्त के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में पक्ष-विपक्ष दोनों की भूमिका संदिग्ध: शर्मा

**भिलाई, 2 अप्रैल।** आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति ने नगर पालिक निगम भिलाई में कथित भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। समिति के संयोजक आर पी शर्मा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजा है। पत्र में शर्मा ने आरोप लगाया कि 27 मार्च 2026 को पारित निगम बजट के दौरान जो स्थिति सामने आई, उससे पिछले चार वर्षों का कार्यकाल भ्रष्टाचार से प्रभावित प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पार्षदों और मीडिया के माध्यम से सामने आए तथ्यों से करोड़ों रुपए के घोटाले की आशंका जताई जा रही है। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को दबाने के लिए तत्कालीन आयुक्त को निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। इससे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की भूमिका संदिग्ध नजर आती है। समिति ने मांग की है कि जांच पूरी होने से पहले आयुक्त को न हटाया जाए। ताजा मामलों का हवाला देते हुए शर्मा ने कैनाल रोड निर्माण में अनियमितताओं की बात कही, जिसकी लागत लगभग 28 करोड़ रुपए बताई गई है ।



### झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन विस्तार को लेकर बनी रणनीति

**भिलाई, 3 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की पहली प्रांतीय बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, अध्यक्षता प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह ने की। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा महामंत्री नवीन मारकंडे एवं कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार को लेकर रणनीति तैयार की। प्रदेश संवाद प्रमुख शारदा गुप्ता ने बताया कि पार्टी का जनाधार मजबूत करने के लिए स्लम क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और विष्णुदेव साय की राज्य सरकार की योजनाओं को व्यापक रूप से प्रचारित करने पर जोर दिया गया।

## एक नजर

### हनुमान जन्मोत्सव पर राम जानकी मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ

**सिमगा 3 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सरोपी तालाब स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर(श्री राम जानकी मंदिर) हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सरोपी तालाब स्थित (चिंताहरण हनुमान मंदिर) मे सुबह 8 बजे श्रृंगार पूजा एवं आरती दोपहर 12.30 बजे राजभोग एवं आरती के साथ हनुमान चालीसा का पाठ एवं पुरुष रामायण मंडली के द्वारा रामायण पाठ/सुंदरकांड का पाठ किया गया एवं दोपहर 2 बजे महाभंडारा प्रारम्भ किया गया जो शाम 7 बजे तक चला जिसमे पुलाव,मटर पनीर की सब्ज़ी,टमाटर्र की चटनी ,मिर्ची भजिया,पुरी,बालू साई ,खीर दोपहर 3 बजे से महिला रामायण मंडली के दवारा रामायण पाठ किया गया शाम 5बजे श्याम भजन मंडली के दवारा सांगितमय सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन किया गया एवं शाम 7.30 बजे महाआरती किया एवं जिसके पश्चात भजन कीर्तन किया गया।

### थाना बसंतपुर क्षेत्र के सिगंदई में कपड़ा दुकान में हुई चोरी का खुलासा




**राजनांदगांव 3 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी चेतन यादव पिता मनोहर यादव निवासी मोहारा थाना बसंतपुर द्वारा दिनांक 01.04.2026 को थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 31.03.2026 की दरमियानी रात लगभग 03ः10 बजे दुकान मालिक का फोन आया कि कपड़ा दुकान के शटर का ताला टूटने की आवाज आ रही है। सूचना मिलने पर वह दुकान के पास पहुँचा तो 2ङ्क3 व्यक्तियों को दुकान के पास से भागते हुए देखा। दुकान की जांच करने पर शटर का ताला टूटा हुआ मिला तथा दुकान में रखे रेक से 07 नग फुल पैंट चोरी होना पाया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 146/2026 धारा 331(4), 305, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश प्राप्त हुए। निरीक्षक एमन साहू (थाना प्रभारी बसंतपुर) के नेतृत्व में टीम गठित कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया गया। संदेह के आधार पर आरोपी हिमांशु यादव, राहुल उर्फ गुज्जर राजपूत एवं उमेश निषाद को तलब कर पूछताछ की गई, जिस पर उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। विवेचना के दौरान आरोपियों से चोरी किए गए 07 नग पैंट एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर क्रमांक ष्टत्र 08 र्कं4570 जप्त की गई। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेजा गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया. इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, सउनि गोवर्धन देशमुख, आरक्षक कुश बघेल, आशीष मानिकपुरी, प्रवीण मेश्राम, रूपेन्द्र वर्मा, राजेश बंदेश्वर एवं भुनेश्वर जायसी की सराहनीय भूमिका रही।

### स्वच्छ भारत मिशन अपेक्स कमेटी की बैठक में नवाचार पर चर्चा

**रायपुर,3 अप्रैल।** मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की अपेक्स कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की गतिविधियों, वित्तीय वर्ष 2025-26 की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, वित्तीय वर्ष 2026-27 के एक्शन प्लान, स्वच्छता के लिए नवाचार तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) हेतु अंतर्विभागीय अभिसरण पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों को अपशिष्ट प्रबंधन अधोसंरचना के तहत गांवों में कम्पोस्ट पिट, सोखता गड्ढा और प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्रामों की स्वच्छता के कार्यों की सर्टिफिकेशन ग्राम सभा द्वारा कराया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने भारत स्वच्छ मिशन के अंतर्गत राज्य के सभी ग्रामों में स्वच्छता के कार्यों को नियमित रूप से कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। गांवों के हाट बाजारों में सामूहिक शौचालय का उपयोग एवं स्वच्छता के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी तरह से आवश्यकतानुसार सामूहिक शौचालय की उपयोगिता एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्थलों पर करीब 14 हजार 279 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। इसी तरह से वर्ष 2026-27 में 2014 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक कार्ययोजना के निर्माण के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

# पालिका अध्यक्ष रमन व पार्षदों ने जीर्णोद्धार के बाद प्रेस क्लब बिल्डिंग का लोकार्पण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 3 अप्रैल।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ भवन में हुए जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण एवं अतिथि आभार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश भंडारी, नगर पालिका सभापति सुमित ताम्रकार एवं पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां बम्लेश्वरी देवी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को आईना दिखाने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि प्रेस क्लब भवन जर्जर हो चुका था, जिसकी मरम्मत और रंग-रोगन अत्यंत आवश्यक था। जीर्णोद्धार के बाद भवन अब बेहतर स्थिति में है, जिससे क्लब के सदस्य अपने कार्य सुचारु रूप से कर सकेंगे। उन्होंने मीडियाकर्मियों के लिए शहर में पत्रकार कॉलोनी बनाने का आश्वासन भी दिया और सदस्यों से जमीन चयनित करने का आग्रह किया। अध्यक्षता कर रहे उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने कहा कि पत्रकार समाजहित में निरंतर कार्य करते हैं, इसलिए उन्हें उचित सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी ने कहा कि पत्रकारों की भूमिका हमेशा निष्पक्ष रहती है, चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। उनके माध्यम से ही जनप्रतिनिधि अपनी बात जनता तक पहुंचा पाते हैं।

पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जो जनसमस्याओं को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने भविष्य में प्रेस क्लब को हर संभव सहयोग देने की बात कही। प्रेस क्लब अध्यक्ष उत्तम समुंद्रे ने जीर्णोद्धार कार्य में सहयोग करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव खूबचंद चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष दीपक साखरे, कोषाध्यक्ष महेश सहारे, सदस्य रोहन सिन्हा, राजा शर्मा, प्रमोद शुक्ला, धीरज शर्मा, महेंद्र (बंटी) शर्मा, धम्मकीर्ति नंदेश्वर, कृष्णा सहारे, शेख जफर अली, मीडियाकर्मी महेश तिवारी, अभिषेक सिंह, शशांक उपाध्याय, सचिन जाम्बुलकर सहित बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

### श्री राम नाम से गूंजा श्री नर्मदा कुंड राम जानकी मंदिर

# अनन्य रामभक्त हनुमान जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक:मुख्यमंत्री



**रायपुर, 3 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर के स्टेशन चौक स्थित नर्मदा कुंड राम जानकी मंदिर में आयोजित श्री हनुमान उत्सव एवं श्री राम कथा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। बल, बुद्धि और विद्या के दाता हनुमान जी हमें सिखाते हैं कि हमारे जीवन में निष्ठा, सेवा और समर्पण कैसा होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पवित्र श्री नर्मदा कुंड के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन किया। श्री राम कथा के दौरान श्री नर्मदा कुंड राम जानकी मंदिर राम नाम से गुंजायमान हो उठा।

मुख्यमंत्री ने श्री नर्मदा कुंड राम जानकी मंदिर में विधि-विधान से श्री हनुमान का दर्शन और आरती पूजन किया। उन्होंने श्री हनुमान जी से छत्तीसगढ़ वासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 01 से 05 अप्रैल तक नर्मदा कुंड मंदिर में स्वामी श्री राजीव लोचन दास जी द्वारा श्री राम कथा का भी आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय को कहा छत्तीसगढ़ प्रभु श्री राम का ननिहाल और माता कौशल्या का मायका है। प्रभु श्री राम ने वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया। रामायण काल में वर्णित दंडकारण्य अबूझमाड़ क्षेत्र का इलाका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा प्रभु श्री रामलला दर्शन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्याधाम के दर्शन कराए जा रहे हैं। अभी तक लगभग 42 हजार भक्त रामलला के दर्शन कर चुके हैं। 5 हजार से अधिक बुजुर्ग विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन कर चुके हैं। तीर्थयात्रा के लिए 19 जगहों को चिन्हांकित किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अभी हमने धर्मांतरण रोकने छत्तीसगढ़ में धर्म स्वातंत्र्य कानून लागू किया है। इस कानून के अंतर्गत देश के सभी प्रदेशों से कठोर नियम बनाए गए हैं। इन कड़े प्रावधानों से निश्चित ही धर्मांतरण पर अंकुश लगेगा। गौ माता के भी संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार द्वारा सुरभि गौधाम योजना लागू की गई है। इसके तहत 29 गौधाम का शुभारंभ किया गया है। सुरभि गौधाम में गौमाता के लिए चारे और अन्य व्यवस्था के साथ ही गौपालकों को गोबर के विभिन्न उत्पाद के निर्माण के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में 10 सुरभि गौधाम के साथ प्रदेश में 330 गौधाम का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में रुद्र सेना और रुद्र शक्ति के पोस्टर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा,विधायक श्री किरण सिंहदेव और श्री पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, छत्तीसगढ़ औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री अंजय शुक्ला, नर्मदा कुंड श्री राम जानकी मंदिर के महंत श्री सुरेंद्र दास जी, श्री राम गर्ग, श्रीमती विभा अवस्थी सहित गणमान्यजन और भक्तगण उपस्थित थे।

## वृंदावन हॉल में करुणा इंटरनेशनल के वार्षिक उत्सव में 55 स्कूलों और कई सामाजिक संगठनों ने भाग लिया

**रायपुर 3 अप्रैल।** वृंदावन हॉल में करुणा इंटरनेशनल का वार्षिक उत्सव और सम्मान समारोह हुआ, जिसमें 55 स्कूलों और कई सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा और श्री लोकेश कावड़िया जी ने शिरकत की। डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि करुणा क्लब बच्चों में दया, प्रेम और सम्मान जैसे मानवीय मूल्यों को बढ़ावा दे रहा है। श्री लोकेश कावड़िया जी ने कहा कि करुणा क्लब की पहल से समाज में आदर्श प्रस्तुत होगा। करुणा क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रेखा शर्मा ने बताया कि बच्चों में बचपन से ही जीव दया और प्रेम के भाव जागृत करना आवश्यक है। चेन्नई करुणा इंटरनेशनल क्लब के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश काकरिया जी ने वीडियो संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के प्राचार्यों और शिक्षकों का सम्मान किया गया और सामाजिक संस्थाओं को करुणा क्लब के साथ जुड़कर कार्य करने के लिए आग्रह किया गया। मंच संचालन श्रीमती किरण साहू जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती मोनिका बागरेचा दिव्यांशु शर्मा बृजेश चौरसिया श्याम सुंदर शर्मा विनीत शर्मा सरिता शर्मा रमाकांत शर्मा अवतार सिंह चुनेश्वरी साहू मनीष सिंह खुशबू शर्मा शशि पांडे आदि करुणा क्लब के सदस्य उपस्थित थे।




## धार्मिक, वैवाहिक आयोजन एवं भंडारा के पश्चात बचा भोजन अन्यत्र न फेंकें: आयुक्त

**राजनांदगांव 3 अप्रैल।** शहर में समय समय पर होने वाले विभिन्न धार्मिक, वैवाहिक आयोजन एवं भंडारा के पश्चात बचे हुए भोजन को अन्यत्र फेकने से गाय, बैल एवं अन्य जानवरो द्वारा खा लेने से उनके स्वास्थ्य में प्रतिकुल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बचे खाद्य पदार्थ या भोजन खुले स्थानों पर नही फेकने पत्र के माध्यम से नागरिको से अपील की है। निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने नागरिकों से पत्र के माध्यम से अपील करते हुए कहा है कि शहर के विभिन्न स्थानो में आए दिन विभिन्न धार्मिक, वैवाहिक आयोजन किया जाता है एवं भण्डारा के रूप में प्रसाद वितरण कार्यक्रम समय समय पर कराया जाता है। प्रायः भोजन/प्रसाद वितरण के पश्चात शेष बचे हुए भोजन को अन्य खुले स्थान पर जानवरो को खिलाए जाने के उद्देश्य से डाल दिया जाता है। उक्त बासी भोजन रोटी, पुडी, चावल, सब्जी को गाय, बैल एवं अन्य जानवारो द्वारा खा लिया जाता है, खाने के उपरांत उक्त बासी भोजन उनके शरीर में जहर की तरह असर करता है, जो इनके स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव डालता है तथा कभी कभी जानवरो की अकाल मृत्यु होने की भी संभावना बनी रहती है तथा अन्यत्र खाद्य पदार्थ फेकने से गंदगी भी फैलती है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने पत्र के माध्यम से अपील की है कि ऐसे आयोजनो/कार्यक्रमो/भंडारा के पश्चात शेष बचा हुआ भोजन अन्यत्र खुले स्थानों में न फेकते हुए नगर निगम के टाका घर में समयपाल श्री चिराग मेश्राम मों. नं. 78799 37771 तथा मोटर विभाग के श्री चंदन सिंह ठाकुर मो.नं. 93010 30571 पर सम्पर्क कर निगम की गाडी में डलवाना सुनिश्चित करे, जिससे बचे हुए भोजन का उचित निष्पादन किया जा सके एवं किसी भी प्रकार की पशुधन हानि तथा गंदगी फैलने से बचा जा सके।

# खपरीकला में आस्था का अनोखा केंद्र

## लेटे हुए हनुमानजी के दर्शन से पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 3 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के अंतर्गत डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरीकला में इन दिनों आस्था और श्रद्धा का एक अद्भुत केंद्र विकसित हो रहा है। शांत वातावरण में लगभग 24 डिसमिल दान की भूमि पर निर्मित हो रहा यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि पौराणिक मान्यताओं और लोकविश्वास का जीवंत उदाहरण भी बनता जा रहा है। यहाँ स्थापित 8 फीट लंबे लेटे हुए श्री हनुमानजी की प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र है, जिसके दर्शन मात्र से भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होने की मान्यता तेजी से फैल रही है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, श्री हनुमानजी को अपार शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक माना जाता है। रामायण में वर्णित है कि जब माता सीता ने लंका में हनुमानजी के पराक्रम को देखकर उन्हें विश्राम करने का आदेश दिया, तब उन्होंने पहली बार विश्राम किया। इसी प्रसंग से प्रेरणा लेकर खपरीकला में हनुमानजी की लेटी हुई प्रतिमा स्थापित की गई है, जो उनके उस विश्राम काल का प्रतीक है। यह स्वरूप भक्तों को यह संदेश देता है कि सेवा और संघर्ष के साथ-साथ जीवन में विश्राम भी आवश्यक है।

मंदिर के सेवक राजनारायण प्रसाद, जो टाटा नगर के निवासी हैं, बताते हैं कि उन्हें स्वयं बजरंगबली ने स्वप्न में दर्शन दिए थे। स्वप्न में दिखे उसी स्थान की खोज करते हुए वे छत्तीसगढ़ पहुंचे और अंततः खपरीकला गांव को पहचाना। इसे वे भगवान की कृपा और आह्वान मानते हैं। इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ किया, जो आज निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है।

इस पुनीत कार्य में ग्राम के दानदाताओं भूपेंद्र कवर और नारद कवर का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने 24 डिसमिल भूमि दान में दी। इसके अतिरिक्त जयंती साहू सहित संस्था से जुड़े अनेक लोगों ने इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों जैसे उमाशंकर साहू, गजेंद्र साहू, ओंकार साहू, पीताम्बर साहू, गोकुल यादव, डाबरी साहू, सत्यप्रकाश साहू, रमेश साहू तथा अन्य सहयोगियों ने तन-मन-धन से इस धार्मिक स्थल को आकार देने में योगदान दिया। ग्राम सरपंच माधुरी साहू और परमानंद साहू का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा है।

हाल ही में यहाँ भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के साथ-साथ राहगीरों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावना को सुदृढ़ करता है, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

भविष्य में यह स्थल श्री बालाजी धाम÷ के नाम से विख्यात होने की दिशा में अग्रसर है। यहां की शांति, आस्था और पौराणिक प्रेरणा इसे एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित कर सकती है। लेटे हुए हनुमानजी की यह अद्भुत प्रतिमा न केवल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है, बल्कि उन्हें जीवन के संतुलन, सेवा और विश्राम के महत्व का भी संदेश देती है।

इस प्रकार खपरीकला का यह मंदिर श्रद्धा, विश्वास और पौराणिक परंपराओं का सुंदर संगम बनकर उभर रहा है, जहां हर आने वाला भक्त आत्मिक शांति और आशा का अनुभव करता है।

## धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 3 अप्रैल।** हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। सुबह से ही श्रद्धालु प्रसाद व पूजा सामग्री लिए हनुमान जी के मंदिरों में वंदना व पूजा-अर्चना करने पहुंच रहे थे।पुरे शहर सहित ग्रामीण अंचलो में हनुमान मंदिर पर संगीतमय रामायण का पाठ में भारी संख्या में भक्त पहुंचे। हनुमान मंदिरों में शुभ मुहूर्त में भक्तों ने प्रभु हनुमान की पूजा अर्चना की। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए हनुमानजी की मूर्ति पर गुलाब की माला, चोला और सिंदूर लगाकर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। भक्तों द्वारा पीपल के पत्तों पर श्रीराम लिखकर भी प्रभु को अर्पित किया जा रहा था। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे नगर में उत्साह और भक्ति मय वातावरण देखने को मिला। नगर में स्थित विभिन्न हनुमान मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना आरंभ हो गई थी। इस दौरान दिनभर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामायण पाठ तथा भजन कीर्तन का आयोजन चलता रहा। हवन पूजन के बाद भंडारे और प्रसाद वितरण हुआ।प्रसाद के रूप में पुरे शहर सहित ग्रामीण अंचलो में खीर पूड़ी ,हलवा ,फल ,आइसक्रीम ,कड़ी चावल ,शरबत जैसे विभिन्न सामग्रियों का लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। लोगों ने कतार बनाकर प्रसाद ग्रहण किया।

## स्वदेशी मेले के समापन में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल हुए शामिल, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का दिया संदेश

**रायपुर,3 अप्रैल।** स्वदेशी अपनाने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पीजी कॉलेज कवर्धा में आयोजित स्वदेशी मेले का समापन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना केवल आर्थिक मजबूती का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद एवं स्थानीय उद्यमों की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की और भविष्य में और बेहतर प्रयासों के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्थानीय कारीगरों, स्व-सहायता समूहों और छोटे उद्यमियों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। स्वदेशी मेले के माध्यम से लोगों को अपनी जड़ों, संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिला। यह आयोजन न केवल स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार का माध्यम बना, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी दी।

## सहायक राजस्व निरीक्षक को नगर पंचायत कर्मियो ने दी विदाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंबागढ़ चौकी 3 अप्रैल।** नगर पंचायत में वर्ष 1985 से भर्ती होकर अपनी शासकीय सेवा पूर्ण करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षक जलील अहमद रब्बानी को सोमवार को निकाय से भावभीनी बिदाई दी गई। सहायक राजस्व निरीक्षक जलील रब्बानी को नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियो ने बाजे गाजे के साथ उनके निवास तक बिदाई करने गए।जिस संस्था में भर्ती हुए और एक ही स्थान पर निरंतर चालीस वर्ष तक सेवाए देने वाले नगर पंचायत के सहायक राजस्व निरीक्षक जलील अहमद रब्बानी को इस संस्था के अधिकारी कर्मचारियो व जनप्रतिनिधियो ने अपने कार्यालय में सोमवार को एक गरिमामय समारोह में बिदाई दी। समारोह में निकाय के द्वारा श्री रब्बानी का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मनित किया गया। एक घंटे तक चले कार्यक्रम में नगर पंचायत के सीएमओ विजय पांडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक वर्मा, पार्षद श्रीमती ईश्वरी ध्रुवे, किशुन पटेल, झरनेश कुंभकार इत्यादि प्रमुख जनप्रतिनिधियो ने श्री रब्बानी द्वारा नगर पंचायत के विकास में दिए गए योगदान एवं नगरवासियो की निष्ठापूर्ण सेवा कार्य को स्मरण करते हुए उन्हे एक कर्तव्यनिष्ट व ईमानदार शासकीय सेवक बताया। बताया गया कि वे सदैव समय पर अनुशासित ढंग से सभी से समन्वय बनाकर कार्य करते रहे इसलिए जनमानस के साथ साथ अपने सहकर्मियो में लोकप्रिय रहे । सीएमओ विजय पांडेय, उपयंत्री योगेश्वर सिह ठाकुर, एकाउटेंट तिलक यादव ने निकाय के अन्य कर्मियो से सहायक राजस्व निरीक्षक के कार्यो एवं आचरण से सीख लेकर कार्य करने का आहवान किया।

## संपादकीय

# कांग्रेस में सवालिया निशान लगाने की होड़ लगी है

पीएम मोदी व अमित शाह के नेतृत्व में देश व छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का सफाया हो जाना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि कई दशकों में किसी सरकार के हिस्से में आती है। इस उपलब्धि के कारण ही सरकार का नाम हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज हो जाता है। हर राज्य का सीएम चाहता है कि उसके समय में कोई ऐतिहासिक उपलब्धि हो ताकि उसका नाम राज्य व देश के इतिहास में दर्ज हो जाए लेकिन बहुत कम सीएम व पीएम ऐसे होते हैं जिनके समय में ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि देश हासिल करता है।ऐसे पीएम नरेंद्र मोदी है, ऐसे गृहमंत्री अमित शाह और ऐसे सीएम विष्णुदेव साय हैं। कोई भी ऐतिहासिक उपलब्धि यूं ही नहीं मिल जाती है, उसके लिए दिन रात काम करना पड़ता है। योजना बनानी पड़ती है, बैठकें लेनी पड़ती है, मानिटरिंग करनी पड़ती है। लक्ष्य तय किए जाते हैं, लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास निरंतर किया जाता है। तब जाकर किसी राज्य व देश के हिस्से में कोई ऐतिहासिक उपलब्धि आती है।

देश व राज्य की ऐतिहासिक उपलब्धि पर जब पूरा देश खुश होता है, राज्य के लोग खुश होते हैं तो विपक्ष ही ऐसा होता है जो खुश नहीं होता है। वह ऐतिहासिक उपलब्धि पर सवालिया निशान लगाता है। उसे यकीन नहीं होता है कि साय सरकार कैसे ऐसा कर सकती है, मोदी सरकार कैसे ऐसा कर सकती है, गृहमंत्री अमित शाह कैसे ऐसा कर सकते हैं।वह खुद यकीन नहीं करती है कि देश व छत्तीसगढ से नक्सलियों का सफाया हो गया है, वह उम्मीद करती है कि जनता सरकार नहीं उसकी बातों पर यकीन करे। सवाल जब पीएम मोदी,गृहमंत्री शाह व सीएम साय का होता है तो राज्य के कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज,नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत व पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बीच एक होड़ शुरू हो जाती है इनकी सबसे कटु आलोचना कौन कर सकता है। केंद्र व राज्य सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि पर सबसे ज्यादा सवालिया निशान कौन लगा सकता है।

यहां के तमाम बड़े कांग्रेस नेताओं की मजबूरी भी है कि पीएम मोदी, अमित शाह व सीएम साय की आलोचना करना क्योंकि कोई नेता आलोचना नहीं करता है तो उसकी शिकायत दिल्ली पहुंच जाती है कि कांग्रेस के नेता भाजपा सरकार की आलोचना नहीं करते हैं।यह आलोचना नहीं करते हैं, मैं आलोचना करता हूं, इसलिए सबसे बड़ा नेता मुझे माना जाए। जो आलोचना नहीं करता है उसे बड़ा नेता न माना जाए। उसे बड़ा पद न दिया जाए,उसे बड़े पद से हटा दिया जाए।कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज कहते है कि रमन सिंह के समय नक्सलवाद तीन ब्लाक से 14 जिलों तक पहुंच गया था जबकि कांग्रेस सरकार के समय नक्सल गतिविधियों में कमी आई थी।नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत कहते हैं कि अगर सरकार के अनुसार नक्सलवाद वाकई समाप्त हो गया है तो राज्य के जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा हटाई जाएगी,क्या सत्ता मे बैठे बड़े नेता अब बस्तर का दौरा सड़क मार्ग से करेंगे।उनका मानता है कि सरकार के दावे हवाई हैं। इससे जनता का गुमराह नहीं किया जा सकता। जब तक जमीन पर स्थिति नहीं बदलती तब तक नक्सलवाद के सफाए पर सवाल उठते रहेंगे।

वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल तो संसद में गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर के नक्सलवाद के मुक्त हो जाने की घोषणा से सबसे ज्यादा बौखला गए हैं क्योंकि संसद में शाह ने कहा है कि अगस्त 2019 में नक्सलवाद विरोधी रणनीति तैयार हो गई थी पर छत्तीसगढ़ की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों को संरक्षण दिया।जिससे अभियान में देरी हुई। शाह ने संसद में चुनौती भी दी कि भूपेश बघेल को पूछो,प्रूफ दूं क्या।हां बोलेंगे तो फंस जाएंगे।राज्य में सीएम साय ने भी कहा है कि भूपेश सरकार के समय तो न ही स्पष्ट रणनीति दिखी, न ही दृढ़ इच्छाशक्ति जिसके कारण नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई कमजोर पड़ी। जब राज्य में नक्सलवाद एक तरह से समाप्त हो गया है तो उसका श्रेय भाजपा को ही मिलेगा और उनको श्रेय मिलने का मतलब है कांग्रेस ने तो नक्सलवाद का सफाया नहीं किया है। यानी नक्सलवाद के सफाए में कांग्रेस असफल और भाजपा सफल है। इसका मतलब तो यह हुआ कि जनता के लिए कांग्रेस से ज्यादा अच्छा काम करने वाली तो भाजपा है।

राज्य में कोई सरकार कोई ऐतिहासिक काम करती है तो उसका जनता पर गहरा प्रभाव पड़ता है।जनता मानती है कि यह सरकार अच्छा काम करती है, यानी इसे चुनाव में जीता दिया जाए तो यह और अच्छा काम करेगी। अच्छा काम करने वाली सरकारे सत्ता में लौटती रही हैं। इसलिए कांग्रेस परेशान है और वह जनता को यह बताने का प्रयास कर रही है,नक्सलवाद समाप्त नहीं हुआ है, वह भाजपा सरकार की उपलब्धि पर सवालिया निशान लगा रही है कि भाजपा सरकार जो कह रही है,वह सच नहीं है।कांग्रेस नेता खुद नक्सलवाद समाप्त नहीं कर सके इसका पछतावा उनको नहीं है, उनको इस बात का गुस्सा है कि भाजपा सरकार के समय ऐसा हो गया है तो इसका राजनीतिक लाभ अगले चुनाव में भाजपा को होगा और नुकसान कांग्रेस को होगा।

# बंगाल बढ़ती अराजकताः लोकतंत्र के लिए चुनौती

**विश्लेषण**

**ललित गर्ग**



पश्चिम बंगाल, जो कभी सांस्कृतिक चेतना, बौद्धिकता और राजनीतिक परिपक्वता का प्रतीक माना जाता था, आज एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ें लगातार कमजोर होती प्रतीत हो रही हैं। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे राज्य में हिंसा, अराजकता अलोकतांत्रिकता और राजनीतिक असहिष्णुता की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यह केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का परिणाम नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति घटते सम्मान और कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति का भी द्योतक है। हाल ही में मालदा जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण अर्थात एसएआर को लेकर जिस प्रकार का असंतोष और तनाव देखने को मिला, वह भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अविश्वास को दर्शाता है। मतदाता सूची में नाम जुड़ना या हटना एक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके लिए स्पष्ट नियम और प्रावधान होते हैं। यदि इस प्रक्रिया को राजनीतिक चश्मे से देखा जाएगा या प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाया जाएगा, तो निष्पक्ष चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाएगी। एसएआर प्रक्रिया में बाधक बनते हुए जिसे तरह से न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाए जाने की घटना सामने आयी है, वह न केवल चिंताजनक है बल्कि लोकतंत्र के लिये एक गंभीर चेतावनी भी है। यह उस व्यापक घातक एवं विडम्बनापूर्ण प्रवृत्ति का हिस्सा है, जिसमें प्रशासनिक और न्यायिक तंत्र को भी राजनीतिक दबाव और भीड़तंत्र के आगे झुकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विशेष रूप से यह तथ्य कि बंधक बनाए गए अधिकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं, इस घटना को और अधिक गंभीर बना देता है। यह न केवल कानून के शासन पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि समाज में बढ़ती असंवेदनशीलता को भी उजागर करता है।

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का इतिहास नया नहीं है। 1960 और 70 के दशक में नक्सल आंदोलन के दौरान हिंसा का जो दौर शुरू हुआ था, उसने राज्य की राजनीतिक संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया। इसके बाद वामपंथी शासन के लंबे कालखंड में भी राजनीतिक विरोधियों के प्रति असहिष्णुता और हिंसा की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहीं। सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस एवं ममता बनर्जी के शासन में यह प्रवृत्ति समाप्त नहीं हुई, बल्कि नए स्वरूप में सामने आई। यह स्पष्ट संकेत है कि समस्या केवल किसी एक दल या विचारधारा की नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक तंत्र में व्याप्त एक गहरे संकट की है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, चुनावों के निकट आते ही जिस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं, वे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे का संकेत देती हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे संवेदनशील कार्य में लगे अधिकारियों को बंधक बनाना यह दर्शाता है कि कुछ तत्व चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मतदाता की स्वतंत्रता और निष्पक्ष चुनाव के अधिकार पर सीधा हमला है।





इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता उल्लेखनीय है। समय-समय पर न्यायालय ने राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी की याद दिलाई है। किंतु यह भी एक चिंताजनक तथ्य है कि इन निर्देशों का जमीनी स्तर पर अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखाई देता। इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या राज्य प्रशासन एवं सत्तारूढ पार्टी इन निर्देशों को लागू करने में अक्षम है या इच्छुक नहीं है? यदि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश भी प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं, तो यह लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है। चुनाव के समय बढ़ती अराजकता के पीछे राजनीतिक बौखलाहट भी एक महत्वपूर्ण कारण हो सकती है। जब किसी दल को अपनी लोकप्रियता में गिरावट का भय होता है, तो वह अक्सर लोकतांत्रिक मर्यादाओं को दरकिनार कर असंवैधानिक उपायों का सहारा लेने लगता है। पश्चिम बंगाल में भी कुछ ऐसी ही प्रवृत्तियां देखने को मिल रही हैं, जहां सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं पर विपक्ष को डराने, प्रशासनिक कार्यों में बाधा डालने और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के आरोप लगते रहे हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।

नागरिक समाज सक्रिय रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे नहीं आएगा, तब तक केवल प्रशासनिक उपायों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें कानून का शासन, संस्थाओं की स्वतंत्रता और नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति इन सभी पहलुओं पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यदि चुनाव प्रक्रिया ही निष्पक्ष और शांतिपूर्ण नहीं रह जाती, तो लोकतंत्र का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मतदाता का विश्वास होता है, और यदि मतदाता को यह लगने लगे कि मतदाता सूची, चुनाव प्रक्रिया या प्रशासन किसी राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है, तो लोकतंत्र की विश्वसनीयता स्वतः कमजोर होने लगती है। इस पूरे घटनाक्रम में प्रशासनिक नाकामी का प्रश्न भी गंभीरता से सामने आता है। किसी भी राज्य में यदि अधिकारी सुरक्षित नहीं हैं, न्यायिक अधिकारी तक बंधक बना लिए जाते हैं और पुलिस या प्रशासन समय पर प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाता, तो यह प्रशासनिक तंत्र की कमजोरी का स्पष्ट प्रमाण है। प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी कानून व्यवस्था बनाए रखना और सरकारी कार्यों को निर्भय वातावरण में संपन्न कराना होता है। यदि प्रशासन यह सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है, तो इससे जनता में भय और अविश्वास दोनों बढ़ते हैं। जनता का विश्वास ही किसी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी होता है, और जब यही विश्वास डगमगाने लगता है, तो शासन की वैधता पर भी प्रश्नचिह्न लगने लगते हैं।

राजनीतिक दलों की भूमिका भी इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। लोकतंत्र में राजनीतिक दल केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों के संवाहक भी होते हैं। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कार्यकर्ताओं को संयम, कानून के सम्मान और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करने के लिए प्रेरित करें। लेकिन जब राजनीतिक प्रतिस्पर्धा कटु संघर्ष में बदल जाती है और कार्यकर्ताओं को किसी भी तरह से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, तो अराजकता की स्थिति उत्पन्न होती है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक दल चुनाव को युद्ध नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक उत्सव के रूप में देखें। आज आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम बंगाल की घटनाओं को केवल एक राज्य की समस्या न मानकर लोकतंत्र के लिए चेतावनी के रूप में देखा जाए। यदि प्रशासनिक तंत्र कमजोर होगा, राजनीतिक दल मर्यादा नहीं रखेंगे, और जनता का विश्वास कम होता जाएगा, तो लोकतंत्र केवल कागजों तक सीमित रह जाएगा। लोकतंत्र की रक्षा केवल संविधान या न्यायालय नहीं कर सकते, इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक निष्पक्षता और जनता की जागरूकताकृतीनों का संतुलन आवश्यक है। पश्चिम बंगाल की वर्तमान परिस्थितियां हमें यही संदेश देती हैं कि लोकतंत्र को केवल चुनाव से नहीं, बल्कि व्यवस्था की निष्पक्षता, कानून के शासन और नागरिक विश्वास से मजबूत बनाया जा सकता है।

इस परिप्रेक्ष्य में आवश्यक है कि राज्य सरकार, चुनाव आयोग और न्यायपालिका मिलकर ठोस कदम उठाएं। कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए, दोषियों के खिलाफ त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई हो और प्रशासनिक तंत्र को राजनीतिक दबाव से मुक्त रखा जाए। इसके साथ ही राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके कार्यकर्ता लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करें। निश्चित ही यह समझना होगा कि लोकतंत्र की रक्षा केवल संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति एक चेतावनी है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो यह अराजकता और गहराई तक फैल सकती है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि हम सभी मिलकर कानून, नैतिकता और सहिष्णुता के मूल्यों को पुनः स्थापित करें। पश्चिम बंगाल आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां से वह या तो लोकतांत्रिक पुनर्जागरण की ओर बढ़ सकता है या अराजकता के गहरे गर्त में गिर सकता है। यह निर्णय न केवल राजनीतिक नेतृत्व, बल्कि पूरे समाज को मिलकर लेना होगा।

**(लेखक ललित गर्ग पत्रकार, स्तंभकार हैं)**

# शौच-साहित्य

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



नगर पालिका के उस 'सुलभ' शौचालय की ड्योढ़ी लांघते ही नासिका छिद्रों का साक्षात्कार उस सनातन अमोनिया से होता है, जो हड़प्पा की खुदाई से लेकर आज के डिजिटल इंडिया तक अपनी संप्रभुता अक्षुण्ण बनाए हुए है। यहाँ की वायु में हाइड्रोजन सल्फाइड की वह सघनता है कि यदि कोई सिरफिरा वैज्ञानिक यहाँ माचिस की तीली का 'अग्नि-संस्कार' कर दे, तो आधा जनपद तत्काल सदेह मोक्ष को प्राप्त हो जाए और बचा हुआ आधा हिस्सा सीधे वैकुंठ की वीथिकाओं में 'स्वच्छ भारत' का नारा लगाता मिले। इन पीली पड़ चुकी टाइल्स रूपी चर्म-पत्रों पर जो 'मूत्र-साहित्य' रचा गया है, वह किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोध-प्रबंध से अधिक मर्मभेदी और कालजयी है। यहाँ की कुंडी-विहीन दीवारों पर 'पिंकी' और 'बबलू' के प्रेम का जो त्रिकोण बना है, उसके बीच से गुजरता तीर दरअसल उस शिक्षित बेरोजगारी का वैश्विक प्रतीक है, जिसने उस अज्ञात कलाकार को इस गंधमयी कंदरा में बैठकर अपनी सृजनशीलता विसर्जित करने पर विवश किया है। यहाँ का हर कोना एक 'ओपन प्रेस-कॉन्फ्रेंस' है, जहाँ व्यवस्था से पराजित नागरिक अपनी पूरी भड़ास उन रिसते हुए नलों और टूटे हुए फ्लश-टैंकों के बीच ऐसे उड़ेलता है, मानो यही उसकी नियति का अंतिम डस्टबिन हो। यहाँ के 'बाथरूम कवि' अपनी हताशा को 'शायरी' का जामा पहनाकर समाज के पाखंड पर ऐसा करारा तमाचा जड़ते हैं, जिसकी गूंज और गंध दोनों ही असहनीय हैं। इस लघु-ब्रह्मांड में समाज के हर वर्ग का 'अभिव्यक्ति का अधिकार' पूरी नग्नता के साथ अट्टहास करता है। यहाँ दीवारों पर अंकित मोबाइल नंबरों की ऐसी जघन्य सघनता है कि यदि कोई टेलीकॉम कंपनी यहाँ अपना टावर लगा दे, तो पूरा जिला एक-दूसरे की जन्म-कुंडली बांचने लगे और गृह-युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो जाए। यहाँ लिखे गए 'काव्य' और 'गालियों' के बीच का फासला उतना ही सूक्ष्म है, जितना कि चुनाव से पूर्व के संकल्प-पत्र और शपथ ग्रहण के बाद की हकीकत के बीच होता है। वह टपकता हुआ नल और जाम पड़ी हुई नाली उस प्रशासनिक भ्रष्टाचार का सजीव और सचल विज्ञापन है, जिस पर संसद में भले ही मौन साध लिया जाए, किंतु यहाँ का 'सर्वहारा लेखक' उस पर एक कालजयी मुक्तक लिखकर अपना नागरिक धर्म निस्पृह भाव से पूरा कर लेता है। दीवारों पर खिंची वे टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें किसी कुंठित आत्मा के 'ईसीजी' जैसी प्रतीत होती हैं, जहाँ 'पॉलिटिक्स मुर्दाबाद' के ऊपर किसी ने 'सपना, तू बेवफा है' लिखकर यह वैज्ञानिक सत्य सिद्ध कर दिया है कि इस महान लोकतंत्र में सत्ता की उठापटक से बड़ा दुख आज भी व्यक्तिगत विरह ही है। यहाँ की सड़ांध में वह यथार्थवाद बसता है, जिसे हम अपनी ड्रॉइंग रूम की सोफिस्टिकेटेड चर्चाओं में इत्र छिड़ककर छुपाते हैं, पर जो हमारे राष्ट्रीय चरित्र की सबसे तीखी और प्रामाणिक गंध है। एक दिन शहर के सबसे प्रतिष्ठित 'नैतिकता-मार्तंड' प्रोफेसर साहब, जो प्रातःकाल ही विश्वविद्यालय में 'चरित्र-निर्माण और शुचिता' पर एक ओजस्वी लच्छेदार भाषण देकर निकले थे, उदर में अचानक आई 'क्रांतिकारी लहर' के कारण इसी दुर्गंधित शरणस्थली में शरण लेने को विवश हुए। उन्होंने अपनी रेशमी रुमाल से नाक को अभेद्य दुर्ग की तरह ढंका और सामने वाली दीवार पर लिखे उस 'पिशाच-काव्य' को बांचना शुरू किया, जिसमें शहर के स्वयंभू भद्रजनों की वंशावली गालियों के छंदों में पिरोई गई थी। अचानक उनकी दृष्टि सबसे निचले पायदान पर लिखे एक ताज़ा 'शेर' पर ठिठक गई, जिसके नीचे एक चिर-परिचित मोबाइल नंबर स्वर्ण अक्षरों की भाँति दमक रहा था। वह नंबर किसी और का नहीं, बल्कि उनकी अपनी सती-सावित्री अर्धांगिनी का था, जो इस समय घर पर 'अखंड रामायण' के पाठ का स्वांग रच रही थीं। उस नंबर के ठीक ऊपर किसी अज्ञात 'मजनू' ने वही गुप्त प्रेम-नाम लिखा था, जिसे प्रोफेसर साहब केवल शयनकक्ष के एकांत में ही बुदबुदाते थे। वे बाहर निकले तो धूप वही थी, सड़ांध वही थी, पर उनका 'बौद्धिक साम्राज्य' उस टूटे हुए पैन और रिसती हुई नाली में सदा के लिए विसर्जित हो चुका था और पीछे से 'सुलभ' का केयरटेकर दस रुपये चिल्लाकर उनकी नैतिकता की रसीद काट रहा था।

## राशिफल

**मेषः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। करियर के मामले में आप अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां ले सकते हैं। हालांकि, उनको पूरा करने की भी आप पूरी कोशिश करेंगे। छात्रों की मेहनत आज रंग लाएगी, उन्हें आज बहुप्रतीक्षित परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त होगी।

**वृषभः** आज आपका दिन आपके लिए राहत पूर्ण रहने वाला है। आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि के कम्प्यूटर की शॉप चलाने वाले लोगों के लिये दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण रहने वाला है आपको किसी बड़ी कंपनी से अच्छा ऑर्डर मिल सकता है।

**मिथुनः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप घरेलू चीजों को खरीदने के लिये मार्केट जा सकते हैं। आपके बच्चे आपको हर तरह से सपोर्ट करेंगे। महिलाओं के लिये दिन बेहतरीन रहेगा। आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**कर्कः** आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। ऑफिस में किसी से भी व्यर्थ की बहस करने से बचने का प्रयास करें। आपको अपने गुस्से पर भी कंट्रोल रखना होगा। गुस्से में आपका काम बिगड़ सकता है। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने की सोच रहे हैं तो किसी जानकार की सलाह जरूर ले लें।

**सिंहः** आज किसी खास व्यक्ति से आपकी उम्मीदें बढ़ी हुई रहेंगी और वह व्यक्ति आपकी उम्मीदों कहर उतरेगा। किसी तरह के वाद विवाद में फसने से बचने का प्रयास करें। साथ ही जो भी काम करें अपने दम पर करें, खुद पर भरोसा रखें सफलता अवश्य मिलेगी।

**कन्याः** आज आपकी ऊर्जा का स्तर बेहतर रहेगा। आपका काम कम समय में पूरा हो जाएगा। आपके काम से लोग प्रभावित होंगे और आपकी कार्यकुशलता सराहनीय रहेगी। समाज में आपका मान सम्मान बढ़ेगा, परिवार में भी सब लोग आपके पक्ष में रहेंगे।

**तुलाः** आज आपका मन लेखन कार्यों में रहेगा। आप किसी पुरानी अधूरी रचना को फिर से पूरा कर सकते हैं, इससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा। कॉलेज में किसी काम के लिये पुरस्कार दिया जाएगा। आप आगे की पढ़ाई के लिये पूरी मेहनत करेंगे, आपका विदेश जाने का सपना पूरा होगा।

**वृश्चिकः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। पहले से बनाई हुई योजनाओं के पूर्ण होने के योग बन रहे हैं। आप किसी नए काम शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। परिवार में सबके साथ आपके रिश्ते अच्छे बने रहेंगे। अपना स्टूडेंट्स प्रोजेक्ट पूरा करने के लिये किसी मित्र से सहयोग मांग सकते हैं।

**धनुः** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। बिजनेस के मामले में आपको किसी नजदीकी दोस्त से मदद मिलेगी। आपका मन प्रसन्न रहेगा। नव विवाहित किसी ट्रिप का प्लान बनाएंगे। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। छात्र किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

**मकरः** आज मेहनत से किये हुए काम पूरा होने की उम्मीद है, जिससे आपको काफी राहत मिल सकती है, लेकिन आपको समय के प्रति थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। किसी कार्य में अधिक समय लगाने से दूसरे काम अधूरे रह सकते हैं। आप किसी से मदद मांगने में ना हिचकें।

**कुंभः** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप किसी नए रिश्ते की शुरुआत कर सकते हैं, दिन अच्छा रहेगा। आपको काम के बेहतरीन मौके मिलेंगे। जो लोग जॉब कर रहे हैं उन्हें किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं।

**मीनः** आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आपके सारे काम आसानी से पूरे होते दिखेंगे। अपने भविष्य के लिए योजना बना सकते हैं। काम के प्रति सोच विचार में दोस्तों का भी सहयोग मिल सकता है। आज आपकी इच्छा पूरी हो सकती है। इस राशि के बिजनेसमैन कुछ बड़े लोगों से मिल सकते हैं आपकी मुलाकात सफल रहेगी।

# भारत के पुनर्जागरण की तथा-कथा, देश की सर्वांगीण प्रगति का मूल राष्ट्रीय जागरण

**चिंतन**

**संजीव ठाकुर**



1947 में भारत एवं पाकिस्तान ने एक साथ स्वतंत्रता की प्राप्ति की थी किंतु पाकिस्तान एक मुस्लिम राष्ट्र की अवधारणा धारण कर अलग दिशा में आगे बढ़ता गया जिसके फलस्वरुप आज पाकिस्तान विपन्न और गरीब देश बन गया है। दूसरी तरफ भारत एक लोकतांत्रिक, जनतांत्रिक अवधारणा की दिशा में नई-नई विकास के सोपनो को प्रतिपादित कर आगे बढ़ता गया। भारत वैश्विक स्तर पर सामरिक आर्थिक एवं अन्य विषयों पर काफी हद तक प्रगति प्राप्त कर चुका है।भारत ने आश्चर्यजनक रूप से देश को विकसित मजबूत एवं सशक्त बना दिया है ।भारतीय परिदृश्य और संदर्भ में भारत में विगत एक दशक में व्यापक तथा आमूल चूल परिवर्तन देखे गये हैं। राजनीतिक परिदृश्य में उत्तरदायित्व आधारित शासन प्रशासन-प्रणाली, सांस्कृतिक विमर्श में सनातनी सांस्कृतिक सभ्यता-गौरव की पुनर्प्राप्ति और आर्थिक नीतियों के संरचनात्मक सुधारों ने देश की दिशा और दशा तय की है। इन नई विचारधारा एवं रणनीति ने भारत को न केवल आंतरिक रूप से सशक्त किया बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

भारतीय राजनीति में पिछले दो दशकों का सबसे बड़ा परिवर्तन रिपोर्ट कार्ड राजनीति का उदय रहा, जिसमें आम जनता और राजनीतिक नेताओं और दलों का मूल्यांकन उनके किए गए कार्यों और परिणामों के आधार पर कसौटी पर कसा जाने लगा है ।संवैधानिक और नीतिगत स्तर पर कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए। 2019 में अनुच्छेद 370 का निरसन और जम्मू-कश्मीर का पुनर्गठन केंद्र की सख्त और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति तथा विचारधारा का प्रतीक बना। तीन तलाक कानून ने मुस्लिम महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखा। वहीं नागरिकता संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीयता और शरणार्थी नीति पर नई विचारों की श्रृंखला को जन्म दिया। भारत की परंपरागत लोकतांत्रिक विरासत को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए नया संसद भवन, ई-संसद और डिजिटलीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को शामिल किया गया है। दूसरी तरफ विपक्ष की भूमिका, मीडिया की स्वतंत्रता और चुनावी राजनीति में सोशल मीडिया तथा धनबल के प्रभाव ने लोकतांत्रिक विमर्श को चुनौतीपूर्ण और प्रभावशाली भी बनाया गया है।

नये भारत की संकल्पना और अवधारणा को केवल राजनीति या अर्थव्यवस्था तक सीमित परिसीमित नहीं रखा गया है बल्कि सांस्कृतिक क्षेत्र के व्यापक फलक पर भी इसका गहरा असर और परिणाम परिलक्षित हुए हैं । भारत की महान अर्वाचीन योग और आयुर्वेद जैसी परंपरा को वैश्विक स्तर प्रचारित प्रसारित कर नई अवधारणा तथा पहचान प्रदान की गई है। अयोध्या में राममंदिर निर्माण ने भारतीय परंपरा और धार्मिक-सांस्कृतिक आकांक्षाओं की विशाल अवधारणा को मूर्त रूप दिया गया है। शिक्षा और पाठ्यपुस्तकों में भारतीय आख्यानों और इतिहास को नवीन स्वरूप देने के प्रयास किए गए हैं। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को पुष्पित पल्लवित करने के प्रयासों को संपूर्ण प्रोत्साहन दिया गया। साथ ही, सांस्कृतिक कूटनीति नवीन अवधारणा के माध्यम से भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान और अधिक सुदृढ़ रूप से विस्तारित की है। हालाँकि, इस सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ अनेक कठिन एवं दुष्कर चुनौतियाँ भी रहीं हैं। बहुलतावाद और अल्पसंख्यक अधिकारों पर उठते सवाल तथा परंपरा बनाम आधुनिकता की खींचतान समाज में गूढ विचार विमर्श का विषय बनी रही।

आर्थिक पुनर्जागरण के संदर्भ में यही कहा जा सकता है कि भारत की अर्थव्यवस्था ने इस दशक में उल्लेखनीय और अभूतपूर्व प्रगति प्राप्त की है । मेक इन इंडिया ने विनिर्माण और रक्षा उत्पादन को बढ़ावा दिया। जीएसटी (2017) ने कर संरचना को एकीकृत और पारदर्शी बनाया। जीएसटी को 2025 में 22 सितंबर से नवीन संशोधन कर एकदम सरल एवं स्पष्ट कर काफी हद तक सस्ता करके आम जन को बड़ी राहत पहुंचाई है। डिजिटल इंडिया, जनधन योजना और क्क्ष् ने वित्तीय समावेशन और नकदी रहित लेन-देन की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाए।

स्टार्टअप इंडिया ने उद्यमिता और नवाचार को प्रोत्साहित किया। इसके परिणामस्वरूप भारत आज विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी सशक्त अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। विदेशी निवेश वृद्धि, रेलवे और सड़क निर्माण में गति तथा बिजली और डिजिटल नेटवर्क का विस्तार इस आर्थिक पुनर्जागरण के प्रमुख संकेतक रहे।इसके बावजूद बेरोजगारी की समस्या, ग्रामीणङ्कशहरी असमानता और आय-विभाजन जैसी बड़ी और गंभीर चुनौतियाँ भारत देश के आर्थिक परिदृश्य को संतुलित होने से रोकती रही हैं। कृषि सुधार अभी तक आधे अधूरे रह गए और हरियाणा पंजाब तथा अन्य प्रदेशों में किसान आंदोलनों ने यह यह साफतथा स्पष्ट संकेत दिया कि विकास की अवधारणा सबके लिए समान रूप से सुलभ नहीं है।

भारत ने पिछले दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान बनाई ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में भारत की भूमिका स्पष्ट हुई। 2023 में आयोजित द्द20 सम्मेलनों में भारत ने वैश्विक मुद्दों पर संतुलित और निर्णायक नेतृत्व प्रस्तुत किया। चीन में हुए शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में 10 महत्वपूर्ण देशों के साथ 27 देशों ने भारत चीन और रूस पर अपना विश्वास जाहिर कर यूरोपीय शक्तियों एवं मनमानी का खुला विरोध किया है, जिसमें भारत पर अमेरिका द्वारा 50त्न लगाए गए टैरिफ का भी खुला विरोध हुआ है। रूस, चीन और पड़ोसी देशों के साथ संतुलित कूटनीतिक संबंधों ने भारत की स्थिति को और सशक्त मजबूत किया।पिछले दस वर्षों का भारत राजनीतिक दृढ़ता, सांस्कृतिक आत्मगौरव और आर्थिक नवाचारों से परिपूर्ण रहा है। यह अवधि भारतीय लोकतंत्र को नई परिभाषा देने, सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने और आर्थिक संरचना को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण रही। हालाँकि असमानता, बेरोजगारी और राजनीतिक ध्रुवीकरण जैसी विकराल चुनौतियाँ अब भी बनी हुई हैं, फिर भी यह कहना उचित होगा कि यह दशक भारत के लिए राजनीतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक पुनर्जागरण का समय रहा है, जिसने भारत को वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक शक्ति बना दिया है।

भारत की सनातनी सांस्कृतिक विरासत, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और भारत की सामरिक शक्ति में इजाफा होकर पिछले एह्लक दशक में भारतीय जनमानस की एकजुटता एवं देश के नेतृत्व की कार्य कुशलता के परिणाम स्वरूप भारत का सम्मान और कद वैश्विक परिदृश्य में काफी हद तक ऊंचा हुआ है।

**(लेखक संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, कवि, चिंतक, स्तंभकार हैं)**

## शब्द-सामर्थ्य 362

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 361 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सु-दोकू 362

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.361 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# दूरस्थ गांवों तक पहुंची बस सेवा, ग्रामीणों को आवाजाही में हो रही सुविधा

- कभी नक्सल प्रभावित रहे इलाकों में अब सड़क और बस सुविधा, ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 3 अप्रैल।** बस्तर की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच विकास की एक नई तस्वीर उभरकर सामने आई है। ककनार घाटी के नीचे बसे सुदूर गांव–कुधूर, धरमाबेड़ा, चंदेला, ककनार और पालम–जो कभी वामपंथी प्रभाव के कारण मुख्यधारा से कटे हुए थे, अब मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के माध्यम से जुड़ गए हैं।

इन गांवों में पक्की सड़क और बस सेवा का सपना वर्षों तक अधूरा रहा, लेकिन अब उन्हीं कठिन और संकरे रास्तों पर बस का संचालन बस्तर में हो रहे बदलाव का प्रमाण बन गया है।

### 4 अक्टूबर 2025 को हुई थी योजना की शुरुआत

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना की शुरुआत 04 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई थी। वर्तमान में इस योजना के तहत जिले के चार चयनित मार्गों पर नियमित बस सेवा संचालित की जा रही है।

### मर्दापाल से जगदलपुर तक जुड़ा सफर

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण रायपुर द्वारा तय समय-सारणी के अनुसार बस कोण्डागांव जिले के मर्दापाल से शुरू होकर ककनार घाटी के दुर्गम गांवों से होते हुए धरमाबेड़ा, ककनार जैसे क्षेत्रों को जोड़ते हुए जगदलपुर पहुंचती है। इससे उन ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें पहले पैदल या जोखिम भरे रास्तों से गुजरना पड़ता था।

### सड़क और सुरक्षा से खुला विकास का रास्ता

वामपंथी समस्या के कमजोर पड़ने और सुरक्षा बलों की सक्रियता के कारण अब इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण संभव हो पाया है। पक्की सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन आसान हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के मन से अलगाव और भय भी समाप्त हुआ है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक आसान पहुंच

अब ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती। चंदेला के सरपंच तुलाराम नाग के अनुसार, कुछ साल पहले तक क्षेत्र में विकास ठप था, लेकिन अब सड़क और बस सेवा से नई दिशा मिली है। स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र और उचित मूल्य दुकानों की सुविधाएं भी सुलभ हो गई हैं।

वहीं ककनार के सरपंच बलीराम बघेल ने बताया कि पहले तहसील मुख्यालय लोहंडीगुड़ा और जिला मुख्यालय तक पहुंचना बेहद कठिन था, लेकिन अब सड़क बनने से बारहमासी आवागमन संभव हो गया है।

यह बस सेवा न केवल परिवहन का साधन है, बल्कि बस्तर के दूरस्थ अंचलों में विश्वास, विकास और नई उम्मीद का प्रतीक बनकर उभरी है।

## एक नजर

### चारगांव से निकली कांग्रेस की पदयात्रा पहुंची जगदलपुर, कलेक्टोरेट का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर 3 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय से लगभग 84 किलोमीटर दूर बकावंड विकासखंड के सुदूर ग्राम चारगांव तारेका से 29 मार्च को प्रारंभ हुई कांग्रेस की पदयात्रा 1 अप्रैल को विशाल रूप में जगदलपुर पहुंची। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में पंच-सरपंचों सहित आम ग्रामीण भी शामिल हुए। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, पूर्व विधायक रेखचंद जैन और चंदन कश्यप के नेतृत्व में यह यात्रा बुधवार को हाइवे स्थित कुदालगांव से होते हुए लालबाग मैदान पहुंची, जहां शहर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। इसके बाद करीब 5 किलोमीटर लंबी रैली के रूप में कलेक्टोरेट तक मार्च किया गया। दोपहर की तेज धूप में निकली इस रैली में नाचा पार्टी सबसे आगे रही। पुरुष कांधे पर मटका-कांवड़ और महिलाएं सिर पर गगरी रखे नजर आईं। बैनर और तख्तियों के साथ जब यह रैली लालबाग से कोतवाली, मेन रोड, पैलेस रोड और गुरु गोविंद सिंह चौक से गुजरते हुए कलेक्टोरेट पहुंची, तो यह आमजन के बीच चर्चा का विषय बन गई।रैली के माध्यम से ग्रामीणों ने साफ पेयजल और बुनियादी सुविधाओं की कमी को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए अपनी आवाज बुलंद की। उनका कहना था कि विकास के दावों के बावजूद आज भी गांवों में मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष जारी है।

### दरभा परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती के लिए आवेदन शुरू

**जगदलपुर 3 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना दरभा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इस भर्ती के तहत ग्राम पंचायत छिन्दगुर और छिन्दावाड़ा में कार्यकर्ता के एक-एक पद तथा ग्राम पंचायत अलवा में सहायिका के एक पद को भरा जाएगा। इच्छुक महिला अभ्यर्थी 06 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। आवेदिकाओं को अपने आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। आवेदन के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र वाले ग्राम की निवासी होना अनिवार्य है। शैक्षणिक योग्यता के तहत कार्यकर्ता पद के लिए 12वीं पास और सहायिका पद के लिए न्यूनतम 8वीं पास होना जरूरी है। हालांकि, पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में कम शिक्षित महिलाओं के आवेदन पर भी नियमानुसार विचार किया जा सकता है।

**बीमा व इंश्योरेंस के नाम पर रकम काटने का आरोप, कार्रवाई नहीं होने पर थाने व कलेक्टर कार्यालय पहुंचे किसान**

# किसान के खाते से लाखों की कटौती पर बवाल, बैंक के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर 3 अप्रैल।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जिला बस्तर के नेतृत्व में ग्राम मिलकुर वाडा, नेतानार निवासी किसान लामरु (पिताङ्कसोमा) के साथ हुई कथित आर्थिक अनियमितता और धोखाधड़ी के खिलाफकिसानों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया।

जानकारी के अनुसार किसान लामरु ने एक्सिस बैंक की धरमपुर शाखा से ?5 लाख का केसीसी (कृषि ऋण) लिया था। आरोप है कि बैंक द्वारा बिना अनुमति उनके खाते से 52,250 रु बीमा और 10,094 रु हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर काट लिए गए।

### 1 लाख रु की अतिरिक्त कटौती से बढ़ा विवाद

मामला तब और गंभीर हो गया जब 25 मार्च 2026 को किसान ने ?2 लाख जमा करने के बाद पासबुक अपडेट करवाई। इस दौरान खाते से ?1 लाख की राशि आदित्य बिरला सन लाइफइंश्योरेंस के नाम पर कटे होने की जानकारी सामने आई। किसान का आरोप है कि यह राशि बिना किसी जानकारी या सहमति के काटी गई, जो सीधे तौर पर आर्थिक शोषण है।

### किसानों ने बैंक पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष रमेश गोयल के नेतृत्व में किसानों ने एक्सिस बैंक पहुंचकर शाखा प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की।

**कार्रवाई नहीं होने पर प्रशासन से लगाई गुहार :** किसानों का आरोप है कि बैंक प्रशासन द्वारा कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद वे थाना और कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और न्याय की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## विधायक कार्यालय की पहल से दिव्यांग को मिली त्वरित सहायता

- अनुपस्थिति में भी सक्रिय रहा कार्यालय, समाज कल्याण विभाग से समन्वय कर दिलाई ट्राइसाइकिल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कांकेर 3 अप्रैल।** आशाराम नेताम की गैरमौजूदगी के बावजूद उनके कार्यालय की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। आज जब विधायक आशाराम नेताम रायपुर प्रवास पर थे, उसी दौरान उनके कार्यालय में एक दिव्यांग व्यक्ति सहायता की उम्मीद लेकर पहुंचा।

**कार्यालय स्टाफ ने दिखाई तत्परता:** दिव्यांग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कार्यालय के कर्मचारियों ने बिना किसी देरी के त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने तुरंत समाज कल्याण विभाग से संपर्क स्थापित किया और आवश्यक प्रक्रिया शुरू कराई। स्टाफ की इस संवेदनशीलता और जिम्मेदारी ने एक जरूरतमंद को बड़ी राहत दिलाई।

**समाज कल्याण विभाग से मिला सहयोग:** कार्यालय द्वारा संपर्क किए जाने के बाद समाज कल्याण विभाग ने भी तत्परता दिखाते हुए दिव्यांग व्यक्ति को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई। इससे न केवल उसकी दैनिक जीवन की समस्याएं कम होंगी, बल्कि वह आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा सकेगा।

**अनुपस्थिति में भी कायम है जनसेवा का संकल्प:** यह घटना इस बात का प्रमाण है कि विधायक आशाराम नेताम का कार्यालय केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि वहां हर परिस्थिति में जनता की सेवा प्राथमिकता में रहती है। विधायक की अनुपस्थिति में भी स्टाफ द्वारा त्वरित निर्णय लेना और मदद सुनिश्चित करना उनकी कार्यशैली को दर्शाता है।

**जनता में बढ़ा विश्वास:** इस तरह की पहल से आम जनता का विश्वास जनप्रतिनिधियों और उनके कार्यालयों पर और मजबूत होता है। दिव्यांग व्यक्ति को मिली इस सहायता ने यह संदेश दिया है कि यदि व्यवस्था संवेदनशील हो, तो किसी भी जरूरतमंद को मदद मिलने में देर नहीं होती।

# कर्मयोगी भारत अभियान के तहत 'साधना सप्ताह' की शुरुआत, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने पर जोर

- 8 अप्रैल तक चलेगा सात दिवसीय प्रशिक्षण, 41 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एक मंच पर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 3 अप्रैल।** प्रशासनिक कार्यप्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कर्मयोगी भारत अभियान के अंतर्गत 'साधना सप्ताह' का शुभारंभ किया गया है। कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में आयोजित यह सात दिवसीय कार्यक्रम 08 अप्रैल तक संचालित होगा।

यह अभियान स्ट्रेंथनिंग एडॉप्टिव डेवलपमेंट एंड ह्यूमन एप्टीट्यूड फॉर नेशनल एडवांसमेंट (साधना) की अवधारणा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य सरकारी तंत्र में मानवीय संवेदनशीलता के साथ तकनीकी दक्षता का विकास करना है। कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 41 विभागों को एक साझा मंच पर लाया गया है, ताकि सुशासन की दिशा में समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जा सकें।

### वैज्ञानिक पद्धति से तैयार प्रशिक्षण मॉड्यूल

सामान्य प्रशासन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम की रूपरेखा वैज्ञानिक ढंग से तैयार की गई है। प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित हो रहा है–प्रातः 11 से 12 बजे तक और अपराह्न 3 से 4 बजे तक। इसमें राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को डिजिटल साक्षरता एवं भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### आईगॉट प्लेटफॉर्म से जुड़े प्रशिक्षण और लक्ष्य

सभी प्रतिभागियों के लिए सप्ताह के दौरान न्यूनतम चार घंटे का प्रशिक्षण पूरा करना अनिवार्य किया गया है। यह प्रशिक्षण 'आई गॉट कर्मयोगी' प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों और विशेषज्ञ वेबिनार के माध्यम से कराया जा रहा है।

### आधुनिक विषयों पर विशेष फोकस

प्रशिक्षण अभियान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर्स, जलवायु परिवर्तन और ग्रामीण विकास जैसे समकालीन विषयों को भी शामिल किया गया है। इससे अधिकारी वैश्विक चुनौतियों और आधुनिक तकनीकों की समझ विकसित कर रहे हैं।

### डिजिटल बैज और लीडरबोर्ड से बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए 'कर्मयोगी उत्कर्ष' और 'एआई दक्ष' जैसे डिजिटल बैज एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागों को लीडरबोर्ड में स्थान देकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### समापन समारोह में साझा होंगी सफलता की कहानियाँ

08 अप्रैल को आयोजित समापन समारोह में सप्ताहभर की गतिविधियों की समीक्षा के साथ सफलता की कहानियाँ साझा की जाएंगी। अपर कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और आम जनता को मिलने वाली सेवाओं में पारदर्शिता तथा त्वरित गति सुनिश्चित होगी।

# ड्रेन टू ड्रेन सड़क निर्माण पर विपक्ष का आरोप, 'बिना योजना के हो रहा काम'

- नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कार्य रोकने की मांग, पहले नाला व पाइपलाइन शिफ्टिंग की दी सलाह

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 3 अप्रैल।** नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगर निगम क्षेत्र में चल रहे ड्रेन टू ड्रेन सड़क निर्माण कार्यों पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना ठोस योजना और दूरदर्शिता के सड़क निर्माण कार्य जल्दबाजी में किया जा रहा है, जिससे भविष्य में नुकसान की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई स्थानों पर पहले सड़क की खुदाई कर तत्काल निर्माण किया जा रहा है, जबकि आदर्श प्रक्रिया के तहत सबसे पहले नाली निर्माण, फिर जल आपूर्ति पाइपलाइन की शिफ्टिंग और उसके बाद बिजली पोल हटाने का कार्य किया जाना चाहिए। इन आवश्यक कार्यों के बिना सीधे सड़क निर्माण करने से भविष्य में पाइपलाइन या अन्य समस्याओं के कारण सड़क को फिर से खोदना पड़ेगा, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग होगा।

### भविष्य में नुकसान की आशंका

राजेश चौधरी ने कहा कि इस तरह के बिना योजना के कार्यों के कारण पहले भी करोड़ों रुपये का नुकसान हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और जनप्रतिनिधि सजग नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई कि यदि यही स्थिति जारी रही तो आने वाले समय में जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा फिर से बर्बाद होगा।

### कार्य रोकने की मांग

नेता प्रतिपक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान में चल रहे ड्रेन टू ड्रेन सड़क निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। उन्होंने कहा कि जहां नाली की आवश्यकता है, वहां पहले नाला निर्माण किया जाए, साथ ही जल आपूर्ति पाइपलाइन और बिजली पोल को व्यवस्थित रूप से शिफ्ट किया जाए।

### अतिक्रमण हटाने पर भी जोर

इसके अलावा उन्होंने मुख्य वन संरक्षक, वन मंडल कार्यालय के सामने स्थित अतिक्रमण को हटाने की भी मांग की है। उनका कहना है कि इन सभी कार्यों को व्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के बाद ही सड़क निर्माण शुरू किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में सड़क को दोबारा खोदने की नौबत न आए और जनता के धन की बचत हो सके।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य बीडी चेलक को दी गई विदाई



**कोंडागांव 3 अप्रैल।** जवाहर नवोदय विद्यालय कोंडागांव के प्राचार्य श्री बी. डी. चेलक का स्थानांतरण मुंगेली होने पर सर्व अनुसूचित जाति वर्ग द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत परमपूज्य गुरुघासीदास बाबाजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने श्री चेलक के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके शिक्षा क्षेत्र में योगदान एवं समाज में सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। सभी वक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के अध्यक्ष धँसराज टण्डन, संरक्षक एम.डी. बघेल, डॉ. राजेश बघेल, लखमु राम टण्डन, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष सुरेश बघेल, सी एल मेश्राम अध्यक्ष बौध्द समाज ,रमाकांत महाजन, वीरेंद्र बघेल अध्यक्ष समाज, पुष्पराज अनंत, लखेश बेर, बजरंग कुलदीप, प्रदीप सागर, तरुण नाग, अमलेश बारले गणेश कोसले , रमेश आनंद ,थबीर डहरे, गुरुचरण मार्कण्डेय,मशा बघेल, उपेद नाग ,डिकेश मिर्झा, मनीष डहरिया, , लखराज टण्डन, सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

**स्काउट्स-गाइड्स और एनएसएस की पहल, यात्रियों व ग्रामीणों को मिलेगा ठंडा पानी**

# भीषण गर्मी में राहत के लिए घाटलोहंगा में प्याऊ घर का शुभारंभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 3 अप्रैल।** बस्तर जिले में बढ़ती गर्मी और तपती धूप के बीच मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बस्तर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना घाटलोहंगा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय यात्री प्रतीक्षालय में शीतल जल प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया।

इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में यात्रा करने वाले यात्रियों और आसपास के ग्रामीणों को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती दिया भद्रे एवं उपसरपंच श्री यमुना तिवारी के कर-कमलों द्वारा किया गया।

### गरिमामयी उपस्थिति में हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम में डीओसी (स्काउट) दसरुराम यादव, जिला सचिव लिलेश कुमार देवांगन, वरिष्ठ ग्रामीण यशवंत तिवारी, पूर्व सरपंच कुशल बघेल, ग्राम पटेल सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। स्वामी आत्मानंद हिंदी उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाटलोहंगा के प्राचार्य एवं शैक्षणिक स्टाफ ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

### स्काउट-गाइड्स संभालेंगे जिम्मेदारी

इस जल सेवा अभियान के संचालन की जिम्मेदारी विद्यालय के सुभाषचंद्र बोस स्काउट दल और इंदिरा गाइड टीम ने उठाई है, जो पूरे माह निस्वार्थ भाव से सेवा देंगे।

### वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन

इस अभियान को राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव बृजेश बाजपेई, जिला मुख्य आयुक्त संजय पांडेय तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त (स्काउट) बीआर बघेल का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। गौरतलब है कि इस तरह की पहल न केवल मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है।

## टेकरी वाले हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी



**जगदलपुर, 3 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिला मुख्यालय में हनुमान जयंती के अवसर पर आज गुरूवार को दंतेश्वरी मंदिर के पास स्थित टेकरी वाले हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी हुई है। मंदिर में सुबह से ही भजन-कीर्तन और सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है। मंदिर परिसर में भंडारा भी चल रहा है, वहीं शाम को अलग-अलग कार्यक्रम रखे गए हैं। हनुमान जयंती पर आज सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। दोपहर और अब शाम होते तक भीड़ बढ़ती गई और मंदिर के बाहर लंबी कतार लग गई। परिवार के साथ बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंचे। शहर में हिंदू संगठनों ने अलग-अलग कार्यक्रम रखे हैं, इसमें भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन शामिल हैं।

# नक्सलवाद का अंत विश्वास,विकास व स्थिरता की नई शुरुआत है : संतोष गुप्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 3 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री संतोष गुप्ता ने नक्सल-मुक्त भारत की दिशा में देश द्वारा प्राप्त ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भारत एक निर्णायक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। एक समय देश का लगभग 70त्न भू-भाग नक्सल प्रभाव से प्रभावित था, जिसे ÷रेड कॉरिडोर÷ के नाम से जाना जाता था। इस क्षेत्र में शासन की पहुँच सीमित थी और हिंसा का गहरा प्रभाव था, जिससे करोड़ों नागरिक प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि 1967 में शुरू हुआ नक्सलवाद दशकों तक देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बना रहा। इस हिंसक आंदोलन में 20,000 से अधिक लोगों की जान गई तथा हजारों सुरक्षा बलों के जवानों ने बलिदान दिया। यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं था, बल्कि एक संगठित वैचारिक चुनौती थी, जिसने देश की स्थिरता और विकास को बाधित किया।

श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि नक्सलवाद को अक्सर गरीबी और पिछड़ेपन से जोड़कर देखा गया, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। यह एक संगठित वैचारिक आंदोलन था, जिसका उद्देश्य राज्य व्यवस्था को चुनौती देना था। वर्षों तक इसने हिंसा और भय का माहौल बनाकर विकास कार्यों को बाधित किया और आम नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया।

उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार के सशक्त नेतृत्व, स्पष्ट नीति और समन्वित रणनीति के परिणामस्वरूप वर्ष 2014 के बाद से स्थिति में तेजी से बदलाव आया है। सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए सटीक और निरंतर अभियानों ने नक्सल ढांचे इसके नेतृत्व, संचार नेटवर्क और सुरक्षित ठिकानों को निर्णायक रूप से कमजोर किया है। परिणामस्वरूप, जहाँ वर्ष 2014 में 126 जिले नक्सल प्रभाव में थे, वहीं आज यह संख्या घटकर बेहद सीमित रह गई है और देश तेजी से नक्सल-मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है। श्री संतोष गुप्ता ने बताया कि इस सफलता में आधुनिक तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ड्रोन और ˏड्ड निगरानी, सैटेलाइट ट्रैकिंग, रियल-टाइम इंटेलिजेंस और डेटा विश्लेषण जैसे साधनों ने सुरक्षा बलों की क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया है। इससे न केवल निगरानी मजबूत हुई है, बल्कि निर्णय लेने की गति और सटीकता भी बढ़ी है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि विकास को भी समानांतर प्राथमिकता दी गई। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में हुए व्यापक कार्यों ने प्रभावित क्षेत्रों में आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। आज जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहाँ विकास और विश्वास का वातावरण स्थापित हुआ है। श्री गुप्ता ने कहा कि यह केवल आतंक के अंत की कहानी नहीं है, बल्कि यह विश्वास, विकास और स्थिरता की नई शुरुआत है। उन्होंने सुरक्षा बलों के जवानों के साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि देश उनकी वीरता का सदैव ऋणी रहेगा। अंत में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखंडता के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। नया भारत केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि एक साकार होती वास्तविकता है, जिसमें हर नागरिक सुरक्षित, सशक्त और समृद्ध है।

## एक नजर

### अनुराग कपिल ने एनएमडीसी में निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार ग्रहण किया



**हैदराबाद 3 अप्रैल।** भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1998 बैच के अधिकारी श्री अनुराग कपिल ने भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड में मंगलवार को निदेशक (वित्त) के रूप में पदभार ग्रहण किया। भारतीय रेलवे और सीपीएसयू में 26 वर्षों से अधिक के करियर के साथ , श्री कपिल वित्तीय प्रबंधन और सार्वजनिक क्षेत्र के अभिशासन में परिचालन विशेषज्ञता तथा रणनीतिक विजन का अनुभव रखते हैं। उन्होंने भारतीय रेलवे में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, एफ़ए एंड सीएओ (ट्राफ़िक), एफ़ए एंड सीएओ (वित्त एवं जनरल) तथा उप मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित प्रमुख पदों पर कार्य किया है। उन्होंने कोयला मंत्रालय में निदेशक के रूप में भी कार्य किया तथा कार्य के दौरान मंत्रालय में महत्वपूर्ण नीति और क्षेत्रीय कार्यों का भी सुव्यवस्थित रूप से संचालन किया है। एनएमडीसी में कार्यग्रहण से पूर्व , वे रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक,वित्त (व्यय) के रूप में कार्यरत थे, जहां उन्होंने भारतीय रेलवे के लिए वित्तीय नीति मामलों, व्यय प्रबंधन, योजना, परियोजना निगरानी तथा उत्पादकता विश्लेषण का दायित?व भी निभाया था। उन्होंने रेलवे के सभी सीपीएसई में पूंजी पुनर्गठन, समझौता ज्ञापनों, विनिवेश प्रस्तावों और वित्तीय अनुमोदन से संबंधित पहल सहित पीएसयू अभिशासन को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने सेवा काल के दौरान , श्री कपिल ने वित्तीय निरीक्षण, नीति निर्माण एवं रणनीतिक योजना बनाने में मजबूत नेतृत्व का प्रदर्शन किया है। उनके अनुभव में सरकारी लेखांकन, परियोजना मूल्यांकन, पीपीपी ढांचे, अनुबंध प्रबंधन एवं आर्बिट्रेशन,बजटीय नियंत्रण, लागत-लाभ विश्लेषण तथा कार्यक्रम मूल्यांकन में विशेषज्ञता शामिल हैं। उन्होंने कोयला क्षेत्र में प्रमुख राष्ट्रीय नीतियों के निर्माण में योगदान दिया तथा प्रमुख विनिवेश पहलों और नियामक ढांचे की स्थापना से जुड़े रहे हैं।

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

**कांकेर, 3 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीपीटी) 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर डॉ शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 मार्च बुधवार से शुरू होकर 17 अप्रैल शुक्रवार शाम 05 बजे तक किए जा सकेंगे। जिन अभ्यर्थियों को आवेदन में संशोधन करना हो वे 18 अप्रैल से 20 अप्रैल के शाम 05 बजे तक सुधार कर सकते हैं। प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट की अनंतिम परीक्षा तिथि 07 मई गुरुवार निर्धारित की गई है, जिसका आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 01.15 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 27 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। यह परीक्षा प्रदेश के 33 जिला मुख्यालयों में आयोजित होगी। आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ के स्थानीय अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने पर शुल्क वापसी का प्रावधान भी रखा गया है। अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया के लिए आधिकारिक वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

### लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने की घोषणा की

**रायपुर 3 अप्रैल।** देश की प्रमुख इनरवियर कंपनी लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने प्रीमियम वियर ब्रांड ONN के लिए बॉलीवुड अभिनेता Hrithik Roshan को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस कदम के जरिए कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते प्रीमियम इनरवियर और थर्मल वियर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। कंपनी की यह साझेदारी ONN ब्रांड की पहचान को मजबूत करने और खासकर युवा एवं महत्वाकांक्षी उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। ONN को एक आधुनिक लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप में पेश किया गया है, जो कंफर्ट, परफॉर्मेंस और स्टाइल का संतुलित अनुभव देता है।

### आरटीआई बना मजाकः चार महीने बाद भी नहीं मिली जानकारी

# शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद 3 अप्रैल।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 आम नागरिकों को पारदर्शिता और जवाबदेही दिलाने का सशक्त माध्यम माना जाता है, लेकिन बालोद जिले में यही कानून अब कागजों तक सिमटता नजर आ रहा है। शहर निवासी प्रदीप चोपड़ा द्वारा शिक्षा विभाग में लगाई गई आरटीआई आवेदन को चार महीने से अधिक समय बीत चुका है, बावजूद इसके अब तक उन्हें कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

प्रदीप चोपड़ा ने जनवरी 2026 में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंतर्गत आरटीआई आवेदन प्रस्तुत कर राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़े वित्तीय एवं प्रशासनिक जानकारी मांगी थी। नियमानुसार 30 दिनों के भीतर जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य होता है, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी विभाग ने कोई जवाब नहीं दिया। मजबूर होकर उन्होंने प्रथम अपील दायर की, जिसकी सुनवाई भी हो चुकी है, फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, प्रथम अपील में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि मांगी गई जानकारी निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराई जाए। इसके बावजूद शिक्षा विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह स्थिति न केवल सूचना के अधिकार अधिनियम की अवहेलना है, बल्कि आम नागरिकों के अधिकारों का भी सीधा उल्लंघन है।

आवेदक प्रदीप चोपड़ा का कहना है कि मैं पिछले चार महीनों से लगातार कार्यालय के चक्कर काट रहा हूं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। न कोई स्पष्ट जवाब दिया जा रहा है और न ही जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। अब मेरे पास मीडिया के माध्यम से अपनी आवाज उठाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। स्थानीय नागरिकों उपेन्द्र कुमार साहू, प्रकाश कुमार,रोहित शर्मा,दीपक जैन, सार्थक में भी इस मामले को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। शहर के एक जागरूक नागरिक भेष कुमार ने कहा कि यदि आरटीआई जैसे कानून का भी पालन नहीं होगा, तो आम आदमी न्याय की उम्मीद किससे करेगा? यह सीधा-सीधा सिस्टम की विफलता है।

वहीं इस पूरे मामले में जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी का कहना है कि आवेदक द्वारा मांगी गई जानकारी संकलन की प्रक्रिया में है। कुछ बिंदुओं पर संबंधित कार्यालयों से जानकारी प्राप्त की जा रही है, जिसके कारण विलंब हुआ है। जल्द ही पूरी जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी। हालांकि विभाग का यह जवाब सवालों के घेरे में है, क्योंकि प्रथम अपील के बाद भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। यह पूरा मामला प्रशासनिक सुस्ती, जवाबदेही की कमी और कानून के प्रति लापरवाही को उजागर करता है। यदि समय रहते इस पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला और बड़ा रूप ले सकता है तथा संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर व्यापक जांच की मांग उठ सकती है।

## महिला एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी पहल



■ **मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 18 दिवसीय सूक्ष्म उद्यमिता प्रशिक्षण का सफल समापन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला 3 अप्रैल।** जिले में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान एवं छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र के संयुक्त सहयोग से आयोजित 18 दिवसीय सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना, उनमें उद्यमिता कौशल विकसित करना तथा सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने हेतु आवश्यक तकनीकी, व्यावसायिक एवं वित्तीय जानकारी प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यम की अवधारणा, व्यवसायिक अवसरों की पहचान, परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया, बाजार सर्वेक्षण, मांग विश्लेषण, लागत निर्धारण, लाभ-हानि विश्लेषण, बैंक ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उत्पाद निर्माण, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण एवं विपणन से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण भी कराया गया, जिससे उन्हें उत्पादन प्रक्रिया, मशीन संचालन एवं वास्तविक व्यावसायिक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र की अधिकारी श्रीमती भुनेश्वरी वर्मा एवं कामेश मोरंगे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उद्यमिता को आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बताया और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का उद्योग स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि केंद्र के माध्यम से इच्छुक उद्यमियों को परियोजना तैयार करने में सहायता, बैंक ऋण हेतु मार्गदर्शन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (क्क्रश्वत्रक्क) सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत सब्सिडी, प्रशिक्षण एवं हैंडहोल्डिंग सपोर्ट प्रदान किया जाता है।

# जिलेवासियों से कलेक्टर ने की बाल विवाह रोकने की अपील

**कांकेर, 3 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिलेवासियों से अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह के कारण बच्चे के पूर्ण और परिपक्व व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अधिकार, अच्छा स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है। वहीं गंभीर संक्रामक यौन बीमारियों की चपेट में आने का खतरा भी बढ़ जाता है और उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ता है।

श्री क्षीरसागर ने अपनी अपील में कहा है कि बाल विवाह के कारण कम उम्र की मां और उसके बच्चे दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है। बाल विवाह के कारण जननांग पूर्ण विकसित नहीं होने से गर्भपात का खतरा भी बढ़ जाता है। कम उम्र की मां के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है, साथ ही उनके सामने कुपोषण व खून की कमी की भी ज्यादा आशंका बनी रहती है। बाल विवाह की वजह से बहुत सारे बच्चे अनपढ़ और अकुशल रह जाते हैं जिससे उनके सामने अच्छे रोजगार पाने और बड़े होने पर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की ज्यादा संभावना नहीं बचती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष के कम उम्र की लड़की का विवाह करवाना तथा ऐसे विवाह में सम्मिलित होना दण्डनीय अपराध है। जिसके अंतर्गत 02 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा 01 लाख रूपए तक का जुर्माना हो सकता है, अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह होने की सूचना ग्राम पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, अनुविभागीय दंडाधिकारी, संबंधित पुलिस थाना, महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन नम्बर 181 इत्यादि को दी जा सकती है।

## भारतीय सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 10 अप्रैल तक

**कांकेर, 3 अप्रैल ।** भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 फरवरी से शुरू होकर 01 अप्रैल तक निर्धारित था, जिसे बढ़ाकर अब 10 अप्रैल तक कर दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा प्रदत्त जानकारी अनुसार अग्निवीर की भर्ती के लिए भारतीय सेना की वेबसाईट www.joinindionarmy.nic.in पर पात्र आवेदक आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर की भर्ती जनरल तकनीकी क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेडमैन आठवीं, दसवीं पास, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती के लिए जारी किया गया है। अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सी.ई.ई.) के समय टायपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाईन परीक्षा (सी.ई.ई.) 01 जून से 10 जून के मध्य आयोजित होने की संभावना है। विस्तृत जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 अथवा 0771-2965214 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जी.ई.रोड एवं कस्तूरबा महिला मंडल रोड की दुकानों के जीर्णोध्दार के लिए संचालकों की महापौर ने ली बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 अप्रैल।** निगम स्वामित्व की जी.ई. रोड एवं कस्तुरबा महिला मण्डल रोड में निर्मित दुकानो के जीर्णोद्धार के लिए आज महापौर श्री मधुसूदन यादव ने अपने कक्ष में दुकानदारो की बैठक बुलाई। बैठक में दुकानो की नई ड्राईग डिजाईन अवलोकन व लागत राशि तथा प्रीमियम आदि के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, प्र.कार्यपालन अभियंता श्री प्रणय मेश्राम तथा राजस्व अधिकारी श्री राजेश तिवारी की उपस्थिति में दुकानदारो से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि निगम स्वामित्व की पुरानी व्यवायिक परिसरो में जी.ई. रोड में निर्मित 38 दुकाने तथा कस्तुरबा महिला मण्डल रोड में निर्मित 18 दुकाने जर्जर स्थिति मे आ गयी है, जिसका जीणोद्धार कर शासन गाईड लाईन के अनुसार पुनः व्यवस्थापन के लिए महापौर श्री यादव ने सप्ताह पूर्व दुकानदारो की बैठक बुलाकर चर्चा किये थे। चर्चा के दौरान दुकानदारो द्वारा बनाई जाने वाली दुकानो की ड्राईग डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार कर अवगत कराने सहमति बनी थी। इसी परिपेक्ष में महापौर श्री यादव ने आज पुनःदुकानदारो की बैठक बुलाकर चर्चा किए। महापौर श्री यादव द्वारा जी.ई.रोड एवं कस्तुरबा महिला मण्डल रोड के दुकानो का ड्राईग डिजाईन दिखाकर दुकानो की साईज, पार्किंग आदि के संबंध में चर्चा की गयी। उन्होंने ड्राईग डिजाईन अनुसार लागत राशि एवं वर्तमान प्रचलित कलेक्टर दर से ली जाने वाली प्रीमियम राशि से अवगत कराया। दुकानदारो द्वारा प्रस्तुत नई ड्राईग डिजाईन में कुछ परिवर्तन कियें जाने का सुझाव दिया गया, जिसे महापौर द्वारा स्वीकार करते हुए पुनः प्राक्कलन तैयार कर प्राक्कलन अनुसार दर निर्धारित कर पुनः बैठक बुलाकर चर्चा किये जाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि दुकानदारो की आर्थिक स्थिति को देखते हुए लागत राशि का भुगतान किश्तो में लिया जावेगा। साथ ही लीज अवधि बढ़ाने के लिए दुकानदारो से आवेदन लेकर कार्यवाही करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के पूर्व में निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जी.ई.रोड में निर्मित 38 दुकानो एवं कस्तुरबा महिला मण्डल रोड में निर्मित 18 दुकानो की साईज, बरांडा तथा पार्किंग स्थल के संबंध में ड्राईग डिजाईन अनुसार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चर्चा अनुसार दुकाने निगम की ओर पीछे से बनाई जायेगी और कलेक्टर गाईड लाईन के अनुसार प्रीमियम का निर्धारण किया जायेगा। बैठक में दोनो ओर के दुकानदार उपस्थित थे।

## विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस पर विशेष पहल

**रायपुर, 3 अप्रैल।** आज विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के अवसर पर कोपलवाणी स्कूल के स्पीच थेरेपी सेंटर के बच्चे अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के साथ लोक भवन पहुंचे और राज्यपाल श्री रमेन डेका से शिष्टाचार भेंट की। यह अवसर न केवल बच्चों के लिए विशेष रहा, बल्कि समाज में ऑटिज़्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

राज्यपाल ने बच्चे और उनके अभिभावकों तथा विशेष बच्चों के लिए समर्पित शिक्षकों से आत्मीय संवाद किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने ऑटिज़्म को नज़दीक से समझने का अवसर प्राप्त किया तथा विशेष बच्चों की क्षमताओं और चुनौतियों को संवेदनशीलता के साथ जाना। कार्यक्रम के दौरान श्री डेका बच्चों के साथ अत्यंत आत्मीयता से मिले और उनके साथ समय बिताया। सभी ने मिलकर नीले रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़कर यह संदेश दिया कि समाज में हर बच्चे को समान अवसर, समझ और स्वीकार्यता मिलनी चाहिए इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने कोपलवाणी संस्था के बच्चों के आवागमन की सुविधा के लिए अपने स्वेच्छानुदान मद से ई-रिक्शा प्रदान किए और उन्होंने ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोपलवाणी की डायरेक्टर श्रीमती पद्मा शर्मा ने बताया कि यह पहला अवसर है जब विशेष बच्चे लोकभवन पहुँचे हैं। अभिभावकों ने भी इसे गर्व का विषय बताया कि उनके बच्चे आज राज्यपाल से भेंट कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सही मार्गदर्शन, विशेष शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज के संवेदनशील लोगों के सहयोग से ये बच्चे निश्चित ही जीवन में उत्कृष्ट मुकाम प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल अंतागढ़ एवं मावा मोदोल लाइब्रेरी का राजस्व सचिव ने किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कांकेर, 3 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं खाद्य विभाग के सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज अंतागढ़ स्थित पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल और मावा मोदोल लाईब्रेरी एवं नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। पीएमश्री हायर सेकेण्डरी स्कूल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईसीटी लैब, कंप्यूटर लैब, मीडिया लैब, रिटेल लैब, केमिस्ट्री लैब, फिजिक्स लैब, बायोलॉजी लैब, पुस्तकालय एवं शौचालय सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सचिव श्रीमती कंगाले ने परिसर में हरियाली बढ़ाने, स्कूल परिसर के मध्य शेड निर्माण कराने तथा बरामदे में पेवर ब्लॉक लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल परिसर में इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं बिजली की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली, जिस पर कलेक्टर श्री निलेश महादेव क्षीरसागर ने 100 एमबीपीएस की इंटरनेट स्पीड उपलब्ध होने की जानकारी दी।

सचिव श्रीमती कंगाले ने विद्यार्थियों को वेयरहाउस, बैंकिंग प्रणाली एवं क्रेडिट एक्सेस के बारे में जानकारी प्रदान करने तथा उन्हें बैंकों का भ्रमण कराने की आवश्यकता पर बल दिया। इस पर कलेक्टर ने उन्हें जिले में स्थापित किए जाने वाले फाइनेंस लैब की जानकारी देते हुए बताया कि इससे छात्रों को भविष्य में वित्तीय ज्ञान प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि पीएमश्री स्कूल अंतागढ़ में वर्तमान में कुल 967 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिसमें हिन्दी माध्यम से 268 और अंग्रेजी माध्यम से 699 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे है। स्कूल निरीक्षण के पश्चात उन्होंने मावा मोदोल लाइब्रेरी अंतागढ़ का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से संवाद किया और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना भी की। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने मावा मोदोल कोचिंग सेंटर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कांकेर जिले में 04 क्रमशः कांकेर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल और अंतागढ़ में मावा मोदोल निःशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिले से इस वर्ष यहां के 20 युवाओं ने सीजीपीएससी प्री परीक्षा उत्तीर्ण की है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर श्री अंजोर सिंह पैकरा, एसडीएम श्री राहुल राजक, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जिले में ऐतिहासिक सफलता मिली

**रायपुर , 3 अप्रैल।** राज्य के सभी जेलों में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इसी तारतम्य में राजनांदगांव जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से यह योजना ग्रामीण स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचकर स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण बन रही है। जिला कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में अक्टूबर 2025 से योजना को तीव्र गति मिली। सतत मॉनिटरिंग, नियमित समीक्षा और जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यों के कारण यह अभियान अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है।

जिले में अब तक कुल 9078 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 4405 लाभार्थियों ने वेंडर का चयन कर लिया है, जबकि 2033 घरों में सौर प्रणाली की स्थापना पूर्ण हो चुकी है। साथ ही 1443 हितग्राहियों को सब्सिडी का भुगतान किया जा चुका है। योजना के अंतर्गत प्रतिदिन औसतन 25 से 30 आवेदन प्राप्त हो रहे हैं तथा लगभग 20 इंस्टॉलेशन किए जा रहे हैं। पिछले माह में 664 नए आवेदन प्राप्त हुए और 449 इंस्टॉलेशन दर्ज किए गए, जो बढ़ती जागरूकता का प्रमाण है।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर द्वारा वेंडर्स, बैंक अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं। इसके साथ ही शहरी निकायों, जनप्रतिनिधियों, चेंबर ऑफ कॉमर्स, बिल्डर्स एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर पूरी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया। शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए। जिले के सभी विकासखंडों में व्यापक स्तर पर सूर्य सभाओं का आयोजन किया गया।

### मुख्य सचिव लेंगे जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**कांकेर, 3 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव श्री विकास शील 04 अप्रैल शनिवार को कांकेर प्रवास के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में प्रगति की समीक्षा करेंगे। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया है।

**नाबालिक पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/पालन द्वारा प्रमाणित)**

मैं कृपाल पटेल पुत्री धनेश्वरी पटेल निवासी ग्राम हरनसिंघी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) राज्य ने अपनी नाबालिक पुत्री का नाम धनेश्वरी (पुराना नाम) से बदल कर (नया नाम) धनेश्वरी पटेल रख लिया है।

**कृपाल पटेल**
**माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर**

एक नजर

## गोलबाजार में चोरी का आरोपी बंदी, 3.5 लाख नकदी बरामद

**रायपुर, 3 अप्रैल।** गोल बाजार स्थित नरेंद्र बैंगल्स दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 31 मार्च और 01 अप्रैल की दरम्यानी रात करीब 11:30 बजे हुई इस घटना में चोरी गई साढ़े तीन लाख रुपये की पूरी रकम बरामद कर ली गई है। प्रार्थी ने थाना गोल बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 31 मार्च और 01 अप्रैल की दरम्यानी रात लगभग 11:30 बजे अज्ञात व्यक्ति दुकान में घुसकर काउंटर में रखी करीब 3.5 लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर सूचना के आधार पर संदेहियों की पहचान की। पूछताछ में सामने आया कि दुकान का ही एक कर्मचारी अपने साथी के साथ मिलकर इस चोरी की योजना बनाई थी। आरोपियों ने पहले से दुकान की गतिविधियों और नगदी रखने के स्थान की जानकारी जुटाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस टीम ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी गई पूरी रकम और अन्य सामग्री बरामद कर ली गई है।

## 22 किलो गांजा के साथ 2 महिलाएं एक नाबालिग सहित 7 गिरफ्तार

**रायपुर, 3 अप्रैल।** रायपुर में पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए इंटरस्टेट गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गंज थाना क्षेत्र के तेलघानी नाका के पास घेराबंदी कर पुलिस ने 4 पुरुष, 2 महिलाएं और एक नाबालिग समेत कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये सभी ओडिशा से गांजा लेकर मध्यप्रदेश ले जाने की फिराक में थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 22.450 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 11.22 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ओडिशा और मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं और संगठित तरीके से गांजा तस्करी में शामिल थे। तलाशी के दौरान सभी के बैग से गांजा बरामद हुआ।

## मोहम्मद तहसीन बने प्रदेश सचिव

**रायपुर, 3 अप्रैल।** प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के 27 जिला अध्यक्ष सहित प्रदेश उपाध्यक्ष चार प्रदेश महासचिव एवं आठ प्रदेश सचिव की नियुक्ति की गई है। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्धीक द्वारा जारी सूची में मोहम्मद तहसीन को प्रदेश



सचिव बनाया गया है। पी.सी.सी. अध्यक्ष दीप बैज ने नियुक्ति को स्वीकृति दी है। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि नई नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। मो. तहसीन ने कहा है कि प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्धिक ने मुझे प्रदेश सचिव नियुक्ति है। इसके लिए शुक्रिया।

# अब जेलों में बंद नक्सलियों का होगा पुनर्वास

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताई नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने की सरकार की नई रणनीति




**रायपुर, 3 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की धरती से हमेशा के लिए नक्सलवाद का दंश खत्म हो जाए इसके लिए सक्रिय नक्सलियों के पुनर्वास की योजना लेकर आई, जिसका असर देखने को मिला. अब साय सरकार जेल में कैद नक्सलियों के भी पुनर्वास करने की योजना तैयार करने में जुटी है.

बीते 2 वर्षों में 500 से अधिक माओवादी मारे गए, 3 हजार माओवादियों ने पुनर्वास किया. करीब 2 हजार माओवादियों की गिरफ्तारियां भी हुई है. नक्सल मामलों में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जेलों में बंद माओवादी जो छुट-पुट घटनाओं में शामिल रहे. ऐसे माओवादियों के प्रकरण को वापस लेने और उनका पुनर्वास कराने की योजना सरकार की है.

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा था कि सरकार की पुनर्वास नीति केवल कागज का पुलिंदा नहीं है, और केवल ईनाम की राशि नहीं है. पुनर्वास नीति में बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम भी शामिल है. पुनर्वास नीति के माध्यम से यह कल्पना सरकार की है कि यदि जंगल से पुनर्वास हो सकता है, तो जेलों से भी पुनर्वास किया जा सकता है.

उन्होंने कहा कि जंगल से पुनर्वास किए माओवादी जेलों में जाकर अपने परिजनों और अपने मित्रों से मिलते हैं. अगले चरण में जेलों में बंद माओवादियों को पैरोल पर निकालकर पुनर्वास केंद्रों में लाकर मिलाया जाएगा. और जिन्होंने पुनर्वास किया है वे जेलों में बंद माओवादियों को पुनर्वास के लिए प्रेरित करेंगे. जिसके बाद सरकार उनके जमानत के लिए कार्य करेगी. और जमानत पर आकर पुनर्वास केंद्रों में रहकर सामान्य जीवन जी सकते हैं.

# बालाजी गार्डन में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**रायपुर, 3 अप्रैल।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बालाजी गार्डन फाफाडीह में महिला एवं पुरुषों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंगबली की पूजा अर्चना की।

पंडित ओंकार प्रसाद तिवारी ने आरती कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर महिला नेत्री श्रुति अग्रवाल, निशा आहूजा, सरला जैन, सावित्री अग्रवाल एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, दिलीप अग्रवाल, रामावतार डोलावत, पुरुषोत्तम पटेल, योगेश अग्रवाल, दिनेश शर्मा, सुब्रत डोलावत, राहुल जयसवाल, विजय नीलेश आदि उपस्थित थे।

# आर्थिक कुप्रबंधन व कूटनीतिक विफलता के कारण महंगाई बेलगाम : कांग्रेस




**रायपुर, 3 अप्रैल।** शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेसवार्ता में केंद्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफकड़ा विरोध दर्ज कराया गया।इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा एवं आकाश शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया कि मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफ्लता के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। आम जनता का जीवन स्तर गिरता जा रहा है और परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा की मोदी सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है, जबकि पिछले तीन महीनों में ही 525 रुपये की वृद्धि हो चुकी है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर में भी हाल ही में 62 रुपये की बढ़ोतरी कर आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि पेट्रोल डीजल पर एक्साइज घटाने का दिखावा कर सरकार ने वाहवाही लूटी, लेकिन हकीकत यह है कि पेट्रोल के दामों में फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है। कई जगहों पर 1 रुपये से अधिक वृद्धि हुई है, जबकि नायरा पेट्रोल पंपों में 4 रुपये तक बढ़ोतरी देखी गई है।

ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा की एविएशन फ्यूल महंगा होने से हवाई यात्रा भी आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। खाद्य तेल, दूध, राशन सामग्री सहित दैनिक उपयोग की सभी वस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं, जिससे आम आदमी के किचन का बजट पूरी तरह बिगड़ गयी है। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि जो खाद्य तेल 70 साल में 70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचा था, वह मोदी राज में 200 रुपये के पार पहुंच गया। घरेलू गैस सिलेंडर जो भाजपा को 400 रुपये में महंगा लगता था, आज 900-1000 रुपये तक पहुंच गया है। कुलदीप जुनेजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारों को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। सारी राहत और रियायतें केवल पूंजीपति मित्रों को दी जा रही हैं, जबकि देश के संसाधनों और सार्वजनिक उपक्रमों का लाभ भी उन्हीं को पहुंचाया जा रहा है।

# रद्द 14 ट्रेनें बहाल, 7 अप्रैल तक फिर चलेंगी गाड़ियां

**रायपुर, 3 अप्रैल।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अकलतरा स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए चल रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पहले रद्द की गई 14 ट्रेनों का परिचालन




अब बहाल किया जा रहा है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों को चरणबद्ध तरीके से फिर शुरू करने का निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिली है।

इन ट्रेनों के फिर से चलने से रायपुर, गेवरारोड, बिलासपुर, रायगढ़, झारसुगुड़ा और गोंदिया रूट के यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा। बहाल की गई ट्रेनों में रायगढ़-बिलासपुर, रायपुर-कोरबा, बिलासपुर-गेवरारोड और कोरबा-बिलासपुर रूट की मेमू व पैसेंजर गाड़ियां शामिल हैं, जो 3 अप्रैल से 7 अप्रैल तक अलग-अलग तिथियों में संचालित होंगी। इसके अलावा गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू ट्रेनें भी 4 से 7 अप्रैल के बीच फिर से पटरी पर लौटेंगी।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की पुष्टि NTES या हेल्पलाइन 139 से जरूर कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ट्रैक मेंटेनेंस और यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द किया गया था, जिन्हें अब धीरे-धीरे बहाल किया जा रहा है।

# हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार



**रायपुर, 3 अप्रैल।** भिभौरी, सरदा एवं बचेड़ी में हनुमान जन्मोत्सव एवं मंदिर जीर्णोद्धार कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि के रुप में रंजनी विजय बघेल और योगेश तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी शामिल हुए। उनके साथ सांसद प्रतिनिधि रजनी विजय बघेल, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, रजक कार बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परगहनियां जिला पंचायत सभापति अंजनी प्रीतम चंदेल एवं भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जनपद सदस्य रेखा सिन्हा, पार्षद लक्ष्मीलता वर्मा, सरपंच सरदा गौरी नेताम, उपसरपंच सुरीत साहू, पाहंदा सरपंच प्रतिनिधि कैलास साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि लालू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान भगवान हनुमान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया साथ ही मंदिर जीर्णोद्धार कार्यों का अवलोकन कर उसे और सुदृढ़ एवं आकर्षक बनाने पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर उपस्थित आतिथ्य योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान जी महराज की जंयती के पावन पर्व में सरदा में हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार कर भव्य मंदिर का निर्माण गांव वासियो के द्वारा किया गया और ये मन्दिर हम सभी लोगों के लिये अत्यंत खुशी की बात हैं। और आज इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने मंदिर और विकास एवं क्षेत्र की उन्नति के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में प्रकाश सुराना, संदीप सुराना, धीरेंद्र सुराना, रघुवीर साहू, ललित साहू, सरजु साहू (सरपंच आंदू), छोटूराम साहू, हरीशचंद कोसले एवं नारद यादव पीलू यादव, लोकेश तिवारी, तिरीथ सिन्हा, कृपाल सिन्हा, पीतांबर सिन्हा, अजय निषाद, सुरेश निषाद, विष्णु सिन्हा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# छत्तीसगढ़ में अंग्रेजी राज पुस्तक का विमोचन



**रायपुर, 3 अप्रैल।** डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अपने निवास परिसर में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ इतिहासकार आचार्य रमेंद्रनाथ मिश्र की पुस्तक छत्तीसगढ़ में अंग्रेजी राज का विमोचन किया।

पुस्तक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं अधिकारियों अध्यापकों एवं अध्येताओं हेतु अत्यंत उपयोगी है इसमें छत्तीसगढ़ की परिचयात्मक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सामान्य प्रशासन, पुलिस एवं न्याय शासन, भूमिनीति व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था, कृषि एवं वन विभाग, की महत्वपूर्ण जानकारियां आजादी की प्राप्तियां तक दी गई है। छत्तीसगढ़ का यह प्रथमतः उपयोगी पुस्तक है भावी पीढ़ी लाभान्वित होगी। इस अवसर पर डॉक्टर सुधीर शर्मा, प्रदीप मिश्र, गणेश झा, शुभम दिव्य (पामगढ़), मनोज कुमार नायक (सारंगढ़), डॉ.अजय शर्मा राजनांदगांव, छाया झा (चरोदा कुम्हारी) सौ. अन्वया झा, राधेश्याम साहू, महेंद्र कुमार रायपुर उपस्थित रहे।

# नया रायपुर में उन्नत रोबोटिक तकनीक शुरू



**रायपुर, 3 अप्रैल।** कैंसर का इलाज अक्सर लंबा, जटिल और परेशान करने वाला होता है, खासकर तब जब मरीजों को बड़े शहरों का रुख करना पड़े। लेकिन, अब मध्य भारत के मरीजों के लिए राहत की खबर है, वह यह कि उन्नत इलाज अब उनके अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होने जा रहा है। वेदांता के बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने दा विंची एक्सआई रोबोटिक सर्जरी सिस्टम की शुरुआत की है, जिससे यह मध्य भारत का पहला निजी अस्पताल बन गया है, जहाँ यह सुविधा उपलब्ध है। इस तकनीक की खास बात यह है कि इसमें छोटे चीरे लगते हैं, रक्तस्राव कम होता है और मरीज जल्दी ठीक होकर घर लौट सकता है। यह रोबोटिक सिस्टम सर्जन्स को ज्यादा सटीकता और नियंत्रण के साथ जटिल सर्जरी करने में मदद करता है। हाई-डेफिनिशन 3डी विज़न और स्थिरता के साथ सर्जरी करना आसान हो जाता है, जिससे मरीज का अनुभव भी बेहतर होता है। बीएमसी के हेड सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. दिवाकर पांडेय ने कहा, इस तकनीक के आने से हम जटिल कैंसर सर्जरी और बेहतर तरीके से कर पाएंगे, साथ ही मरीजों के अंगों को सुरक्षित रखने पर भी ज्यादा ध्यान दे सकेंगे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26